तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



महाराणा प्रताप चौक पर गैस पाइप के लिए खोदा गया गड्ढा, रोज लगता है जाम।

## खबर संक्षेप

### सेमरा-करमा में राजस्व शिविर आज

**बिलासपुर।** राजस्व मामलों के निराकरण के लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार जिले में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। 3 अप्रैल को बेलतरा तहसील के ग्राम सेमरा एवं करमा में शिविर लगाकर राजस्व मामलों से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। शिविर में तहसीलदार मनीषा झा एवं नायब तहसीलदार सहोरिक यादव उपस्थित रहेंगे। राजस्व पखवाड़ा का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल है। अभियान के तहत अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, नक्शा बटाकंन, व्यपवर्तन एवं वृक्ष कटाई से संबंधित समय-सीमा से बाहर प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा। साथ ही फौती नामांतरण, बंटवारा एवं अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का ऑनलाइन पंजीयन, नोटिस जारी कर सुनवाई एवं निराकरण भी शिविर स्थल पर ही किया जाएगा।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच की तैयारी बैठक आज

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर होने वाले आयोजन की तैयारी बैठक 4 अप्रैल शनिवार सुबह 11 बजे बिलासपुर प्रकाशन परिसर मध्यनगरीय चौक बिलासपुर में होगी। प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे ने सभी सदस्यों से बैठक में शामिल होने अपील की है ।

### अरपा सायक्लोथॉन का आयोजन 5 को

**बिलासपुर।** फिटनेस, स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए ईंधन बचत के लिए साइक्लिंग संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से "अरपा सायक्लोथॉन बिलासपुर 2026" का आयोजन 5 अप्रैल को किया जाएगा। सुबह 5.30 मिनट पर शुरू होने वाली 25 किमी लंबी इस सायक्लोथॉन रेस का शुभारंभ मुंगेली नाका ग्राउंड बिलासपुर से होगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह ने नागरिकों से आयोजन में भागीदारी की अपील की है। प्रतियोगिता में पुरुष (गियर एवं बिना गियर सायकल) तथा महिला वर्ग की अलग-अलग रेस होगी। विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार हैं। पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 10 हजार रुपए द्वितीय 7 हजार एवं तृतीय 5 हजार की राशि दी जाएगी। वहीं महिला वर्ग में रू 5 हजार, 3 हजार एवं 2 हजार रुपए पुरस्कार हैं। इसके अतिरिक्त शीर्ष 10 पुरुष एवं शीर्ष 6 महिला प्रतिभागियों को विशेष नकद सांत्वना पुरस्कार भी मिलेगा। प्रतियोगिता के लिए पंजीयन ऑनलाइन किया जा सकता है। पंजीयन शुल्क पुरुष वर्ग के लिए 299 रुपए तथा महिला वर्ग के लिए 149 रुपए है। इसके प्रमुख आयोजक संतोष गुप्ता, प्रदीप साहू हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती, आवेदन 16 तक

बिलासपुर। एकीकृत बाल विकास परियोजना कोटा अंतर्गत करगीकला के ग्राम पंचायत मनपहरी के आंगनबाड़ी केंद्र मनपहरी 1 में कार्यकर्ता के 1 रिक्त पद के लिए ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट aww.e-bharti.in/ में जाकर कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं।

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 10 तक

बिलासपुर। भारतीय थल सेना (अग्निवीर) में भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र युवाओं से 10 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। आवेदन वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर कर सकते हैं। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेस एग्जाम (सीईई) 1 जून से 10 जून तक होने की संभावना है।

# अब नहीं बिकेगी बीमारी बांटने वाली बर्फ, शंकुतला आइस फैक्ट्री सील

## सरकारी जमीन पर बनी है फैक्ट्री, मशीन भी मछली विभाग ने लगवाई है, लीज पर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिस फैक्ट्री में खुद लिखा है कि उसका बर्फ खाने योग्य नहीं है वहां का बर्फ बिलासपुर के शहर भर में ही नहीं आसपास के जिलों में सप्लाई किया जा रहा है।

खास बात है कि तोरवा पावर हाउस के पास स्थित इस बरफ फैक्ट्री के पास लाइसेंस भी नहीं है। इससे भी बड़ी बात कि इस फैक्ट्री में लगी पूरी मशीन सरकारी है तो जमीन भी सरकारी है। चांटीडीह के एक मछली विक्रेता ने इसे पांच साल की लीज पर लिया है। अब यहां से निकला बर्फ की खपत जूस सेंटर, गन्ना रस की दुकानें और अन्य ठंडे पेय पदार्थों के ठेलों पर बड़े पैमाने पर हो रही है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए इन पेयों के साथ बर्फ का सेवन कर रहे हैं। हरिभूमि ने इस मामले को उठाया था। इसके बाद निगम ने कार्रवाई करते हुए शकुंतला आइस फैक्ट्री को गुरुवार को सील कर दिया है। तोरवा पावर हाउस के पास मछली बाजार है। इसी बाजार कैम्पस में शकुंतला आइस फैक्ट्री है। यह पूरी जगह मछली विभाग के अंतर्गत आती है और इस आइस फैक्ट्री के साथ ही स्टोरेज भी विभाग द्वारा ही बनवाया गया है। दो साल पहले इसे लीज पर चांटीडीह के एक मछली विक्रेता विरेन्द्र कन्हार ने लिया है। फैक्ट्री के बाहर ही लिखा है कि यहां का बर्फ खाने लायक नहीं है। इसके बाद भी बाजार में इसकी सप्लाई जारी है। यहां के कर्मचारियों का दावा है कि बर्फ खाने के लिए नहीं बल्कि पानी ठंडा करने के लिए दिया जाता है। कोई बरफ को खा मत ले इसलिए चेतावनी लिखी है। यही बरफ जूस सेंटर, गन्ना रस की दुकानें और अन्य ठंडे पेय पदार्थों के ठेलों पर बड़े पैमाने पर उपयोग हो रहा है और उस पर रोक नहीं लग पा रही है।

■ जूस सेंटर, गन्ना रस की दुकानें और अन्य ठंडे पेय पदार्थों के ठेलों पर बड़े पैमाने पर उपयोग



आइस फैक्ट्री को सील करते निगम के कर्मचारी।

### नीला रंग डालने का निर्देश, पालन नहीं

इस बरफ फैक्ट्री से रोजाना 10 हजार किलो बर्फ की सप्लाई शहर में ही हो रही है। एक बरफ की सिल्ली लगभग 140 किलो की होती है और इसकी कीमत 800 रुपए होती है। शिकायत के बाद प्रशासन ने खाने और पेय पदार्थों में उपयोग की जाने वाली बर्फ के रंग को अलग करने कहा था। इसमें खाने वाली बरफ पूरी तरह सफेद (पानी के रंग जैसी) होनी चाहिए। वहीं व्यावसायिक उपयोग के लिए बनाई जाने वाली बर्फ में नीला रंग होना अनिवार्य है, ताकि उपभोक्ता आसानी से पहचान सकें लेकिन इसका पालन फैक्टर्री में नहीं किया गया।

### बोर के पानी से बन रही है बर्फ

निगम ने पाया कि इस फैक्ट्री में बरफ बनाने के लिए बोर के पानी का उपयोग किया जा रहा है जो कि नियमों के खिलाफ है। इसमें स्वच्छता भी नहीं बरती जा रही थी। यहीं से बरफ ले जाकर ठेले वाले भी बर्फ को गंदी बोरियों या लकड़ी की पेटी में रख रहे हैं, उसी को सीधे पेय पदार्थों में डाल दिया जा रहा है। जांच में पाया गया कि साल भर मांस, मछली को सुरक्षित रखने वाले बर्फ का ही इन पेय पदार्थों में इस्तेमाल हो रहा है। पेय पदार्थों के लिए अलग से बर्फ नहीं बनने पर इसमें स्वच्छता का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा। वहीं शव को सड़ने से बचाने में भी यही बरफ काम आती है।

खबर का असर



सरकारी जमीन पर बनी है फैक्ट्री, मशीन भी मछली विभाग ने लगवाई, लीज पर दिया गया

फैक्ट्री में खुद लिखा- यहां का बर्फ खाने योग्य नहीं, उसी की सप्लाई जिले भर में, रोजाना हजार क्विंटल की बिक्री

जिले में 30 से अधिक आइस फैक्ट्री, किसी के पास लाइसेंस तक नहीं

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

### नियमों का पालन नहीं हो रहा था

प्रारंभिक जांच में इस आइस फैक्ट्री में नियमों का पालन होना नहीं पाया गया। खाने और पेय पदार्थों में उपयोग की जाने वाली बर्फ के रंग को अलग करने कहा गया था, इस पर भी ध्यान नहीं दिया गया। फिलहाल फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

\- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

## नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा

# अरपा के तटों पर गंदगी दूर करने करोड़ों खर्च लाभ नहीं, स्वच्छता सर्वेक्षण में बनेगी बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के लिए केन्द्र की टीम अप्रैल के पहले सप्ताह में बिलासपुर पहुंच सकती है। टीम 10 से अधिक बिंदूओं पर जांच करेगी लेकिन शहर फिलहाल इसके लिए तैयार नहीं है। सबसे बड़ी बात यह कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बिलासपुर को देश भर में दूसरा स्थान मिला था। ऐसे में चुनौती बड़ी है। इससे पहले 2023 में बिलासपुर 28वें स्थान पर था और आशंका इस बात की है कि इस बार रैंकिग पिछड़ मत जाए।

कचरा कलेक्शन सभी वार्डो में नहीं हो रहा तो पूरा शहर खास तौर पर वाल पेटिंग और दीवारें बदरंग पड़ी हैं। नालियों की सफाई ठीक से नहीं हो सकीं हैं तो नए वार्ड जो जुड़े हैं वह अभी भी बदहाली के शिकार हैं। अरपा में फैली गंदगी पर तो किसी का ध्यान नहीं है। करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट जरूर बनाए गए हैं लेकिन उससे कोई भी लाभ नहीं मिल रहा है।जाहिर है अरपा की गंदगी सर्वेक्षण रैंकिंग पर असर डाल सकती है। ध्यान रहे कि केंद्रीय शहरी आवासन मंत्रालय ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए टूल किट जारी कर दिया है।

■ कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा में नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही

### अरपा में इस तरह फैल रही गंदगी

- नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है
- सीवरेज प्रोजेक्ट का गंदा पानी दोमुंहानी और चिल्हाटी स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से नदी में प्रवाहित हो रहा
- कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है
- जल सप्लाई का 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है





अरपा नदी में नहीं हो रही सफाई। रपटा के पास फैली गंदगी।

### दूर की जा रहीं कमियां

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के लिए शहर पूरी तरह तैयार है। जो कमियां हैं उसे भी दूर किया जा रहा है। कोशिश रहेगी की इस बार देश भर में नंबर वन स्थान हासिल किया जा सके। अरपा में जो भी कचरा या गंदगी है उसे साफ किया जा रहा है। चीफ इंजीनियर ने खुद निरीक्षण किया था।पूरा प्लान तैयार है, जल्द ही शहरवासियों को इसका रिजल्ट दिखेगा।

\- **खंजाची कुम्हार**, अपर आयुक्त

### बंद होनी चाहिए कचरे की डंपिंग

गंदे पानी के साथ ही कचरे,मलबे की डंपिंग तत्काल बंद होनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए अरपा के दो किनारे बड़े पैमाने पर पौधरोपण कराया जाए। लोगों को भी जागरूक होना होगा। अरपा नदी को बचाने के लिए ठोस और दीर्घकालिक समाधान अपनाने की आवश्यकता है। प्रशासन, स्थानीय संगठन और नागरिकों के सामूहिक प्रयास से ही नदी का पुनर्जीवन संभव है।

\- **श्याम मोहन दुबे**, अरपा अर्पण अभियान

### प्रदूषण मुक्त करने 285 करोड़ का प्लान भी बना

30 सालों में करोड़ों फूंकने के बाद भी अब नगर निगम ने अरपा को साफ करने के लिए 285 करोड़ का प्लान पेश किया है। इसमें निगम एरिया यानी कोनी से दोमुंहानी तक अरपा में पहुंचने वाले सभी नालों के पानी की सफाई के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसमें मुख्यत चिल्हाटी और दोमुंहानी स्थित एसटीपी की क्षमता क्रमशः 17 एमएलडी से बढ़ाकर 40 और 54 से बढ़ाकर 90 एमएलडी करने का टारगेट है। नालों के पानी को नदी में पहुंचने के पहले ही रोक कर एनजीटी के मापदंड के मुताबिक स्वच्छ कर नदी में छोड़ा जाएगा।

### कचरा, गंदा पानी और जलकुंभियों का मैदान

इधर सालों से अरपा की हालत गटर सी हो गई है। नगर निगम जवाली नाले सहित 70 नाले, नालियों का पानी बिना ट्रीटमेंट के अरपा में बहा रहा है। कुदुदंड, कोनी, गोंड़पारा, जूना बिलासपुर, तोरवा आदि स्थानों पर नदी में कचरा, मलबे की डंपिंग की जा रही है। वाहनों के जाने के लिए नदी में रास्ता बनाया गया है। इसके साथ ही नगर निगम का नल जल विभाग प्रतिदिन 40 एमएलडी पानी शहरवासियों को सप्लाई करता है, इसका 90 फीसदी हिस्सा टायलेट से होकर अरपा में लौट जाता है। कचरे की डंपिंग भी लगातार हो रही है। महामाया चौक के पास इंदिरा सेतु, अरपा के पुराने पुल, शनिचरी रपटा, गुरुनानक चौक और तोरवा पुल से देखें, तो हर कहीं अरपा में गंदगी, कचरा, मटमैला बदबूदार पानी और जलकुंभियों का मैदान नजर आता है।

### केन्द्रीय टीम को खुश करने 2 करोड़ खर्च कर रहे

गौरतलब है कि मूल्यांकन टीम आवासीय, व्यावसायिक और सार्वजनिक इलाकों में खुद जाकर हालात देखेगी। मौके की फोटो और वीडियो लेकर वास्तविक स्थिति दर्ज की जाएगी। जहां भी गंदगी या पीले दाग नजर आएंगे, उसके नंबर कटेंगे। इसी तरह व्यावसायिक क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों, परिवहन केंद्रों, पर्यटन स्थलों और पार्कों में भी टीम जाएंगी। टीमें रिपोर्ट में लिखेंगे कि दीवारें और सार्वजनिक स्थल लाल धब्बों से पूरी तरह मुक्त हैं। फिलहाल शहर में हर तरफ दाग धब्बे दिख रहे हैं। इसे दूर करने निगम फिलहाल 2 करोड़ खर्च भी कर रहा है।

# सीआरएस की रिपोर्ट के बाद रेल मंडल में किया जा रहा काम : रंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



रेल मंडल बिलासपुर के डीआरएम राकेश रंजन का कहना है कि लालखदान रेल हादसे के बाद जिन अफसरों और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जानी थी, वह हो गई। इसके उपरांत जांच में सीआरएस जो भी कमी बताई, उस पर लगातार डिवीजन में सुधार कार्य भी शुरु कर दिया गया है, ताकि दोबारा इस तरह की घटना न हो सके।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान बिलासपुर रेल मंडल की उपलब्धियों के संबंध में गुरुवार की शाम 6.30 बजे मंडल रेल सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान डीआरएम श्री रंजन ने बताया कि लालखदान जांच के बाद रेल सेफ्टी कमिश्नर की केवल प्रारंभिक रिपोर्ट प्राप्त हुई अभी उनकी फाइनल रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। वहीं डिवीजन स्तर पर सुधार कार्य भी शुरु हो चुके हैं। सभी रेलवे के साथ बिलासपुर मंडल में आधारभूत संरचना, माल लदान, यात्री परिवहन एवं यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान नई लाइनों का निर्माण, तीसरीकरण तथा चौथी लाइन का कार्य तीव्र गति से हुआ। यात्री सुविधाओं के विकास का बेहतर क्रियान्वयन तथा प्रमुख स्टेशनों में नई-नई यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की गई। माल लदान के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित किए गए।

■ रेलवे डीआरएम ने कहा- डिवीजन में हो रहा सुधार, माल लदान में बनाया नया कीर्तिमान

### इस वर्ष किए गए अन्य कार्य

- 16 लोकोमोटिव को सफलतापूर्वक कवच ट्रेन टक्कर बचाव प्रणाली से सुसज्जित किया गया है।
- चक्रधरनगर ब्लॉक केबिन को एक नया स्टेशन के रूप में चालू किया गया है।
- पेंड्रारोड स्टेशन पर पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर कनेक्टिविटी पूरी की गई।
- 26 स्थानों के लक्ष्य के मुकाबले 59 स्थानों पर स्वचालित फायर अलार्म डिटेक्सन प्रणाली का प्रावधान किया गया।
- भनवारटंक टनल में कम्युनिकेशन सिस्टम स्थापित किया गया।
- वर्ष 2025-26 के दौरान 24,196.83 करोड़ रुपए की आय अर्जित की गई, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 3.59 फीसदी अधिक है।
- कोचिंग डिपो में एलएचबी कोचों के रखरखाव के लिए सुविधाओं का निर्माण के साथ ही पिट लाइन संख्या 1 का नवीनीकरण साथ ही वंदे भारत ट्रेन के बेहतररखरखाव हेतु पिट लाइन संख्या 4 की लंबाई बढ़ाने के साथ ही ओवरहेड इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य किया गया।
- 150 करोड़ रुपए की वंदे भारत ट्रेन के रखरखाव हेतु कोचिंग डिपो का निर्माण कराया जा रहा है।

### बुनियादी ढांचा विकास

डीआरएम राकेश रंजन ने बताया कि इस वर्ष मंडल में अतिरिक्त तीसरी और चौथी लाइनों को चालू करने से बढ़ते ट्रैफिक जाम से निपटने और डिवीजन में ट्रैफिक की आवाजाही को आसान बनाने में भी मदद मिली है। तीसरी लाइन कमीशनिंग कुल 38.2 किलोमीटर चंदिया रोड से विलायतकलाँ 8.3 किलोमीटर तथा बीरसिंहपुर-उमरिया 29.9 किलोमीटर, चौथी लाइन कमीशनिंग 47.2 किलोमीटर जामगा-कोतरलिया 8.5 किलोमीटर, उरगा-कुसमुंडा 12.6 किलोमीटर तथा कोतरलिया-भूपदेवपुर 26.1 किलोमीटर शामिल है। वहीं ऑटो सिग्नलिंग 32 रूट किलोमीटर का कार्य कोतरलिया-जामगा, चांपा-सारागाँव, रायगढ़-कोतरलिया तथा रायगढ़-किरोड़ीमल नगर सेक्शन में करने के अलावा 131.39 आरकेएम से अधिक के सेक्शन में गति बढ़ाई गई।

## वकील से 3 करोड़ की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** ठगों ने विदेशी बनकर वकील को 103 करोड़ की डिमांड क्लीयर कराने का झांसा दिया, ठग वकील से अलग अलग किश्तों में रुपए ट्रांसफर कराते रहे, अंत में 3 करोड़ 13 लाख की आनलाइन ठगी कर गायब हो गए। पुलिस अपराध कायम कर मामले की जांच कर रही है।

चकरभाठा टीआई उमेश साहू ने बताया कि शहर के एक वकील के पास फोन आया, फोन करने वाले ने कहा सुप्रीम कोर्ट में एक केस है। उन्होंने कहा वे सुप्रीम कोर्ट का केस नहीं देखत, फिर उन्होंने वकील को बताया कि लंदन की एक महिला क्रिस डेविड छत्तीसगढ़ में रियल इस्टेट सहित अन्य व्यवसाय करना चाहती है, शेयर में पैसा लगाने पर मोटी रकम मिलेगी। उनके बीच फरवरी 2024 से जून 2024 तक बीतचीत होती रही। जून माह क्रिस डेविड यहां आई और वकील से मिलकर बिजनेस के संबंध में बातचीत करने के बाद लौट गई। मोबाइलधारक ने वकील को बताया कि क्रिस डेविड ने 103 करोड़ रुपए का डिमांड भेजा है। उसको क्लीयर कराने में आरबीआई, ईडी, एमबीसी जैसी कई समस्या आ रही है। डिमांड क्लीयर कराने के नाम पर वकील से पहले 11 लाख 50 हजार रुपए आनलाइन के माध्यम से पैसा ट्रांसफर कराया गया। उसके बाद झांसा देकर वकील से कुल 3 करोड़ 13 लाख, 13 हजार रुपए जमा करा लिए गए। मोबाइलधारक का नाम नीवन जून हरियाणा पानीपत निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने वकील की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 घ के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

■ विदेशी बनकर 103 करोड़ की डिमांड क्लीयर कराने का दिया झांसा

## नौकरी लगाने के नाम पर 15 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** तोरवा पुलिस के अनुसार, सांई भूमि क्वार्टर नम्बर 314 ए निवासी एन वेंकट सूर्यप्रताप रिटायर्ड कर्मचारी हैं, उनके बेटे पढ़ाई करने के बाद बेरोजगार थे।

अगस्त 2020 में उनके परिचित विशाखापटनम निवासी तेनिटी इंद्राणी ने उन्हें फोनकर बेटे की रेलवे में नौकरी लगाने का दावा करते हुए 6 लाख रुपए की मांग की। मोटी रकम देने से मना करने पर उनसे 4 लाख रुपए और उनके बेटे के समस्त दस्तावेज के फोटी कापी ईमेल से भेजने को कहा गया। उन्होंने 4 लाख रुपए इंद्राणी के बेटी वलिवेती वेंकट के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया और ईमेल से दस्तावेज भेज दिया। कुछ समय बाद उन्होंने महिला से संपर्क कर नौकरी की जानकारी ली तो उन्हें कोविड व चुनाव के कारण विलंब होना बताया गया। उसके बाद मेडिकल टेस्ट, इंटरव्यू आदि झांसा दिया गया। 23 मई 2024 को रेल मंत्रालय से जारी फर्जी कूटरचित लेटर उनके बेटा एन विजय किशन के ईमेल आईडी में भेजा गया। दिसंबर 2024 तक उनके बेटे की नौकरी नहीं लगी तो उन्होने महिला से संपर्क किया। उसने 12 लाख रुपए की मांग की। उन्होंने अलग अलग किश्तों पैसा जमा कर दिया। इस तरह उन्होंने महिला को 15 लाख रुपए दे दिया। उसके बाद उन्होंने नियुक्ति पत्र की जांच कराई तो वह फर्जी निकला। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मां तेनिटी इंद्राणी बेटी वलिवेती वेंकट नागा कीर्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 336, 3, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



## फर्जी बैंक खातों से संचालित मैरिज ब्यूरो का पर्दाफाश

**बिलासपुर।** एसीसीयू व सरकण्डा पुलिस ने फर्जी बैंक खातों व मोबाइल नम्बर से संचालित मैरिज ब्यूरो का पर्दाफाश कर दिया है। ब्यूरो मैरिज चलाने वाले 4 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पुलिस ने 10 कम्प्यूटर, 70 मोबाइल, 20 हजार रुपए नकद जब्त किया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, भारतीय सटेट बैंक के खाता धारक सरकण्डा निवासी कल्पना बर्मन का बैंक खाता उनकी बेटी तरूणा उर्फ सोनू खरे के द्वारा उपयोग किया जा रहा था। उक्त बैंक खाते में मैरिज ब्यूरो की राशि जमा कराई जाती थी। पटना बिहार निवासी मिश्रीलाल से भी विवाह के लिए योग्य वधु दिलाने का झांसा देकर 10 हजार रुपए जमा कराया था, कोई सुविधा प्रदान नहीं की गई। ठगी का अहसास होने पर आनलाइन शिकायत दर्ज कराई। पुलिस बैंक खाता धारक की जानकारी हुई। टीआई श्री आर्या, एसीसीयू प्रभारी तोप सिंह नवरंग, हेमंत आदित्य, गोविंद शर्मा व अन्य ने कल्पना बर्मन ने बताया उनका बैंक खाता उनकी बेटी तरूणा उर्फ सोनू उपयोग करती है। पुलिस ने तरूणा एवं उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है।




### पकड़े गए आरोपी

- तरूणा उर्फ सोनू खरे पति स्व. विनोद खरे 40 साल नंदेश्वर मंदिर चांटीडीह
- महारथी साहू पिता वेद प्रसाद साहू 31 साल सैदा नवागण जांजगीर
- फुलेश्वर प्रसाद श्रीवास पिता सियाराम श्रीवास 40 साल रामायण चौक चांटीडीह
- नीरा बाथम पति उमेश बाथम 32 साल अशोकनगर खमतराई

## ख़बर संक्षेप

### शोभा टाह फाउंडेशन के अध्यक्ष टाह ने की पं. धीरेंद्र शास्त्री से सौंजन्य भेंट



बिलासपुर। शोभा टाह फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल टाह ने बागेश्वर धाम सरकार के पं. धीरेंद्र शास्त्री से बिलासा एयरपोर्ट पर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्री टाह ने प्रति वर्ष अक्षय तृतीया पर होने वाले कन्या दान महा दान निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की जानकारी श्री शास्त्री को दी। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की और इस वर्ष 19 अप्रैल को होने वाले आयोजन के लिए अपना आशीर्वाद भी प्रदान किया।

### सड़क पर बह रहा कालोनी का पानी, जल निकासी की मांग



बिलासपुर। वार्ड क्रमांक 4 घुरू यदुनंदन नगर मार्ग पर स्थित तक्षशिला स्कूल के पास बसी कालोनियों का पानी सड़क के ऊपर से बहकर निकल रहा है। इससे इस मार्ग पर आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यहां के किसानों की फसल खराब हो रही है। एपी वैद्य ने बताया कि यहां पर पूर्व में लगाया गया ह्यूम पाइप रोड से काफी नीचे होने के कारण भर चुका है। इस जगह पर हयूम पाइप खोद कर ऊपर डालने के स्थान पर संबंधित विभाग द्वारा पास के खेत वाले द्वारा खेत का पानी निकासी करने डाले गए 2 इंच पाइप से पूरी कालोनी का पानी निकाला जा रहा है। इस कारण यहां के किसान रबी की फसल लेने से वंचित हो रहे हैं। फसल खराब हो रही है। इसके लिए किसानों में विभाग के प्रति काफी आक्रोश है। श्री वैद्य ने उक्त स्थान से पानी निकासी के लिए 2 फीट व्यास का हयूम पाइप डालकर कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है।

### एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों के लिए क्षमता विकास एवं जागरूकता सत्र



बिलासपुर। गुरूवार को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में बृजेन्द्र शुक्ला ने युवाओं के विकास में शिक्षक एवं कार्यक्रम अधिकारी की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा कोई भी योजना बनाई जाती है वह एक विशेष क्षेत्र के लिए बनाई जाती है, लेकिन राष्ट्रीय सेवा योजना किसी सीमा से बंधा हुआ नहीं है। प्रो. अनुपमा सक्सेना ने लैंगिक समानता के महत्व को रेखांकित करते हुए समाज में व्याप्त रूढ़ियों को तोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. डी. एस. रघुवंशी ने बताया कि सुव्यस्थित रिपोर्टिंग से न केवल कार्यों की पारदर्शिता बढ़ती है बल्कि भविष्य की योजनाओं को बेहतर बनाने में भी सहायता मिलती है। आभार प्रदर्शन निधि सिंह, विवेक सराठे, उत्तम कुमार चंद्राकार ने किया।

### सेक्रेड हार्ट चर्च में उत्साह के साथ मनाया गया मौंडी थर्स डे



बिलासपुर। पवित्र गुरुवार (मौंडी थर्सडे) का पर्व 2 अप्रैल को सेक्रेड हार्ट चर्च में उत्साह के साथ मनाया गया। इस समारोह में कलीसिया के दो महान संस्कारों—पवित्र यूखरिस्त और पुरोहिताई की स्थापना का स्मरण किया गया। प्रभु यीशु के प्रेम के दो अत्यंत मार्मिक प्रतीकों को भी जीवंत किया गया। चरण प्रक्षालन और प्रेम की नई आज्ञा, जिसमें हम सबको एक-दूसरे से उसी प्रकार प्रेम करने का आह्वान किया गया है जैसा मसीह ने हमसे किया। पुरोहित रेव. फादर जोस फिलिप ने अपनी प्रार्थनाओं में सभी के लिए शांति, एकता और निःस्वार्थ प्रेम में जीवन बिताने की प्रार्थना की। समारोह का समापन कलीसिया के भीतर परम प्रसाद की आराधना के साथ शांत और भक्तिपूर्ण वातावरण में हुआ

### भाजपा प्रदेश कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य दुआ कर रहे प्रचार



बिलासपुर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव तथा प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय के दिशा निर्देश पर बिलासपुर जिले से भाजपा के बड़े नेता पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार करने पहुंचे हैं। भाजपा प्रदेश कार्य समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य अमरजीत सिंह दुआ ने आज विधायक अमर अग्रवाल के मार्गदर्शन में पश्चिम बंगाल के हरिन घटा, नैहाटी विधानसभा में पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी असीम सरकार तथा सुमित्रो चटर्जी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। बिलासपुर के रायपुर एवं प्रदेश के भाजपा पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं के संपर्क वाले बंगाल के मतदाताओं से संपर्क भी किया और भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए भाजपा प्रत्याशी को जीतने की अपील की है। आज नैहाटी विधानसभा में भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष, सनी घोष, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमृतो पाल तपन दास, सुभाष पाल,वापी मजूमदार, आशीष विश्वास जीवन सरकार, नकुल बिस्वास, बिल्टू गोविन्द विश्वास, विकास विश्वास, अनिक विश्वास, विजय, दिवाकर सरकार, साधु सरकार, कमल विश्वास, विमल विश्वास और छत्तीसगढ़ से काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मतदाता हैं।

**नतीजा धूप में लंबी लाइन**

**राशन दुकानों में दिया जा रहा तीन महीने का खाद्यान्न, तेज होने लगी धूप, हलाकान हो रहे कार्डधारी**

# तीन माह के चावल के लिए छह बार अंगूठा, हर हितग्राही में 15 मिनट खर्च




बिलासपुर। राशन दुकानों में इन दिनों अप्रैल से जून तक तीन महीने के खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। तीन महीने का खाद्यान्न एक साथ लेने हितग्राहियों को छह-छह बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है। ऐसे में प्रत्येक हितग्राही का राशनकार्ड हाथ में लेने से लेकर विदा करने तक की प्रक्रिया में पंद्रह मिनट लग जा रहे हैं। ऐसे में खाद्यान्न लेने वालों की लंबी लाईन सड़कों पर नजर आ रही है। चूंकि अब धूप तेज हो चुकी है, जिससे महिलाओं को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

अप्रैल से जून महीने तक तीन महीने का खाद्यान्न एकमुश्त लेने इन दिनों राशन दुकानों में हितग्राहियों की लंबी-लंबी लाईन नजर आ रही है। हितग्राहियों में एक ओर जहां तीन महीने का खाद्यान्न एकमुश्त मिलने का संतोष है, तो दूसरी ओर चिलचिलाती धूप में लंबी-लंबी लाईनों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करने का दुख भी है। कार्डधारियों को तीन महीने का चावल लेने के लिए राशन दुकानों में हर महीने के लिए दो बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है। ऐसे में प्रत्येक हितग्राही को तीन महीने के खाद्यान्न के लिए छह-छह बार अंगूठा लगाना पड़ रहा है। राशन दुकानदार के द्वारा प्रत्येक हितग्राही के राशन कार्ड की जांच करने एवं उसमें पूर्ति दर्ज करने से लेकर अंगूठा लेने व तीन महीने का चावल तौलकर दुकान से विदा करने तक की पूरी प्रक्रिया में कम से कम पंद्रह मिनट लग जा रहे हैं। इस बीच सर्वर में अगर किसी भी तरह की परेशानी आ गई, या सर्वर स्लो हुआ तो पंद्रह मिनट का समय बढ़कर अधिक भी हो सकता है। ऐसे में राशन दुकानों के बाहर हितग्राहियों की लंबी लाईन लगना सामान्य बात है। चूंकि अप्रैल का महीना शुरू हो चुका है, जिससे धूप में अब काफी तेजी महसूस होने लगी है। ऐसे में बिना शेड के अपनी बारी का इंतजार करते धूप में खड़े रहने से न केवल हितग्राहियों को परेशानी हो रही है, बल्कि स्वास्थ्यगत परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि शहर के किसी भी राशन दुकान में शेड की व्यवस्था नहीं है, जहां हितग्राहियों को खड़े होने के लिए छांव मिल सके। ज्यादातर हितग्राहियों को राशन दुकानों के बाहर सड़क पर पेड़ की छांव में बैठे भी देखा जा सकता है।

#### समय बताने कहा जाएगा

दो दिनों में ही जिले में आठ प्रतिशत कार्डधारियों ने खाद्यान्न का उठाव कर लिया है। केंद्र व राज्य से अलग-अलग आबंटन होने के कारण हर माह के लिए पृथक-पृथक अंगूठा लगाना पड़ रहा है, जो जरूरी है, राशन दुकानदारों को निर्देशित किया जाएगा कि कार्डधारियों को एक निर्धारित समय बता दिया जाए, ताकि वे उसी समय पर जाकर खाद्यान्न उठा लें। अनावश्यक लाईन में खड़ा कराकर न रखा जाए।

**-अमृत कुजूर**
खाद्य नियंत्रक

**चूल्हे में लकड़ी जलाकर बनाया गया प्रसाद**

# ईरान-अमेरिका युद्ध का असर, चूल्हे में बना हनुमान जन्मोत्सव का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरूवार को शहर में आयोजित भंडारों में ईरान-अमेरिका युद्ध का प्रभाव नजर आया। शहर में आयोजित 90 प्रतिशत भंडारों में समितियों के द्वारा प्रसाद बनाने के लिए लकड़ी का इस्तेमाल किया गया। समितियों का कहना था कि गैस सिलेंडर की व्यवस्था में माथापच्ची और समय खराब करने के बजाय लकड़ी टाल से लकड़ी लेकर प्रसाद बनाने में ज्यादा सुविधा महसूस हुई।

- 90 प्रतिशत समितियों में यही व्यवस्था

ईरान और अमेरिका-इजराईल युद्ध के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों व एलपीजी गैस की उपलब्धता का असर गुरूवार को शहर में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव के भंडारे में भी नजर आया। आज की स्थिति में शहर के भीतर गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने वाले सारे लोग लगभग धरे जा चुके हैं। इसी तरह अपने घरों में अधिक संख्या में गैस सिलेंडरों की व्यवस्था करके रखने वाले लोग भी भविष्य की चिंता को लेकर अपने सिलेंडर धर्म-कर्म के कामों में भी देने से बचते नजर आए। लिहाजा समितयों के सामने भंडारे के लिए प्रसाद बनाने का एकमात्र विकल्प चूल्हा ही नजर आया।शहर के सभी वार्डों में स्थापित प्रत्येक हनुमान मंदिर में भंडारे की व्यवस्था की गई थी, जिससे यह संख्या सैकड़ों में पहुंच गई थी। लगभग 90 प्रतिशत समितियों के द्वारा ईंट का चूल्हा बनाकर लकड़ी टाल से लकड़ी खरीदकर प्रसाद तैयार किया गया है। समितियों के द्वारा वर्तमान समय को ध्यान में रखकर गैस सिलेंडर की व्यवस्था में समय खराब करने के बजाए लकड़ी व चूल्हे से प्रसाद बनाने को ज्यादा समझदारी भरा निर्णय बताया गया है।





#### तीन-तीन हजार में ब्लैक में खरीदे गए सिलेंडर

शहर की कई समितियों द्वारा भंडारों में प्रसाद बनाने के लिए गैस सिलेंडर का उपयोग भी किया गया है। इसके लिए सिलेंडर की व्यवस्था ब्लैक में खरीदी करके की गई है। समितियों के अनुसार उन्होंने तीन-तीन हजार रूपए में एक-एक सिलेंडर की व्यवस्था की है। हैरत की बात यह है कि गैस की ब्लैक मार्केटिंग करने में शहर तो दूर गांव देहात में स्थापित क्षेत्रीय वितरक भी पीछे नहीं हैं। उपभोक्ताओं से सांठगांठ कर वे भी मौके का भरपूर लाभ उठा रहे हैं।

#### ऐसे संभव हो पा रही कालाबाजारी

गैस सिलेंडरों की सीधे तौर पर कालाबाजारी फिलहाल संभव नहीं है, क्योंकि किस एजेंसी को कितने सिलेंडरों की आपूर्ति की गई उसका सारा हिसाब स्पष्ट है। खेल वहां किया जाता है, जहां उपभोक्ता गैस सिलेंडर चाहने के लिए बुकिंग तो खुद करवाए लेकिन सिलेंडर की डिलीवरी खुद न लेकर किसी और को करवा दे। ग्रामीण क्षेत्रों में उज्जवला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं ने विगत लंबे समय से सिलेंडर की रिफिलिंग ही नहीं कराई है। कई तो ऐसे भी हैं, जिन्होंने पहली बार मिले मुफ्त सिलेंडर के अलावा दुबारा पैसे देकर सिलेंडर ही नहीं लिया है। ऐसे उपभोक्ताओं ने अब गैस सिलेंडर की कमी होने की अफवाह पर भरोसा करके गैस की ऑनलाईन बुकिंग करवाई थी, लेकिन गैस एजेंसियों द्वारा कुछ ही दिनों में डिलीवरी कर देने की स्थिति में संबंधित ग्राहकों ने पैसे नहीं होने एवं खाली टंकी उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर भरा सिलेंडर लेने से इंकार कर दिया। अब ऐसे ग्राहकों की सहमति से ही ग्रामीण वितरक सिलेंडर चाहने वाले अन्य लोगों को अधिक कीमतों पर गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा रहे हैं। दिक्कत यह है कि यह कालाबाजारी वास्तविक ग्राहक एवं वितरक द्वारा मिलकर नियमों को पूरा करते हुए की जा रही है, जिससे इन्हें पकड़ पाना संभव नहीं है।

# सीएमएचओ ने 34 कर्मियों का खत्म किया अटैचमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




स्वास्थ्य विभाग में बह रही उलटी गंगा को सीधी करने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। शासन ने 3 दिनों के भीतर स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों के अटैचमेंट समाप्त करने आदेश जारी करने के बाद सीएमएचओ ने 34 कर्मचारियों का अटैचमेंट खत्म करने में तत्परता दिखाई है।

जिले के स्वास्थ्य कर्मचारियों में जबरदस्त हड़कंप मचा गया है। सीएमएचओ ने 34 से अधिक कर्मचारियों का अटैचमेंट खत्म कर दिया है। साथ ही उन्हें मूल पदस्थापना में भेजा गया है। यह पूरी कवायद तब की गई है जब राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग में संलग्नीकरण करने को अनुशासनहीनता मानते चिकित्सकीय अमला को अन्यत्र संलग्नीकरण नहीं करने का निर्देश जारी किया है। खास बात यह है कि संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा 12 मार्च 2026 को जारी किए गए आदेश के अनुसार जेडी, सीएमएचओ और सिविल सर्जन को 3 दिनों के भीतर सभी अटैचमेंट खत्म करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री के घोषणानुरूप अनिवार्य तौर पर अटैच खत्म किया गया है और उन्हें मूल पदस्थापना में भेज दिया गया है। सीएमएचओ कार्यालय के 14 कर्मचारी और डाक्टर और ब्लॉक लेवल से 20 स्टाफ का अटैचमेंट समाप्त किया गया है।

#### शासन को अवगत कराया गया है

शासन से पत्र प्राप्त होने के बाद डाक्टर और कर्मचारियों का अटैचमेंट खत्म किया गया है, लेकिन इससे कई जगहों पर स्टाफ की कमी भी हो चुकी है। इसके लिए शासन को अवगत कराया गया है।

**-डॉ शुभा गरेवाल,**
सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

#### 7 दिन से ज्यादा का अधिकार नहीं

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को किसी भी चिकित्सीय अमले को 7 दिन से अधिक के लिए संलग्नीकरण करने का अधिकार नहीं है। इसके साथ ही जेडी को अटैचमेंट करने का कोई अधिकार ही नहीं मिला है। नियमतः यदि अधिकारी नियमों को ताक पर रखकर अटैचमेंट कर रहे है, तो कार्यालय प्रमुखों द्वारा ऐसे प्रकरण में विरुद्ध एवं वेतन आहरण करने वाले आहरण संवितरण अधिकारी के ऊपर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। बताया जा रहा है जेडी कार्यालय द्वारा 300 से अधिक कर्मचारियों को बिलासपुर और अन्य जिलों में अटैच किया गया था जबकि खानापूर्ति कार्रवाई करते हुए 45 का अटैचमेंट खत्म किया गया है। जिसकी जांच लंबित है।

### कबड्डी की महिला-पुरुष टीम ने जीता गोल्ड मैडल, महिला टीम ने झारखंड को हराया



बिलासपुर। प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स कबड्डी मे छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने झारखंड को 20 अंको से व पुरुष टीम ने ओड़िशा को 32 अंको से हराकर गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा है। ओमकार जायसवाल ने बताया की खेल एंव युवा कल्याण विभाग रायपुर छत्तीसगढ़ शासन की मेजाबानी मे प्रथम खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का आयोजन 25 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित किया गया। कबड्डी मैच का आयोजन 30 मार्च से 1 अप्रैल तक सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर हाल रायपुर मे आयोजित हुआ। प्रतियोगिता लीग कम नाक आउट नियम से खेली गई। पहले लीग मैच मे छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम ने ओड़िशा को 78-36 के मुकाबले 42 अंको से हराया। महिला वर्ग मे छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने ओड़सिा को ही 37-22 के मुकाबले 15 अंको से हराकर जीत के साथ शुरुआत की। लीग मैच मे छग की दोनों टीम बिना मैच हारे सेमीफाइनल मे प्रवेश की। पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला ओड़िशा के साथ खेला गया, जिसमें छत्तीसगढ़ ने 76-42 के मुकाबले 32 अंको से और महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने झारखंड को 20 अंको से हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम में खगेश नेताम कप्तान, अजय मरावी, घनश्याम राठिया, दिगाम्बर, राहुल कुमार, आशीष नेताम, आशीष सिदार, भेमन, राहुल कंवर, गोविंदा आरमोर व रोशन धुर्वे, टीम के कोच ओमकार जायसवाल व मैनेजर रामकुमार टंडन हैं। महिला टीम मे सुमन उर्वशा कप्तान, संगीता चंद्रवंशी, ताकेशवरी, कामिनी पुरामे, संतोषी चंद्रवंशी, दीना सिदार, आशा, तारा, कलेशिया, धनेशवरी, प्रीति व लवली, टीम के कोच कौशल कश्यप व मनैजर सरिता सिदार हैं।

### कांग्रेस का आरोप, केन्द्र के आर्थिक कुप्रबंधन व कूटनीतिक विफलताओं ने बढ़ाई महंगाई




बिलासपुर। कांग्रेस पार्टी ने केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए भाजपा के आर्थिक कुप्रबंधन व कूटनीतिक विफलताओं को देश में महंगाई बढ़ने का जिम्मेदार ठहराया है। गैसे सिलेंडर की मूल्यों में लगातार की जा रही वेतहाशा वृद्धि तथा बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जिला कांग्रेस शहर व ग्रामीण अध्यक्ष द्वय सिद्धांशु मिश्रा एवं महेन्द्र गंगोत्री ने गुरुवार को कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता दौरान केन्द्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और वैश्विक स्तर पर कूटनीतिक विफलता के कारण महंगाई बढ़ते ही जा रही है। कमर्शियल गैस के दाम में एक बार फिर 195 रुपए बढ़ोतरी कर दिया, जबकि इससे पहले कमर्शियल गैस के दाम में 525 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी। प्रीमियम पेट्रोल के दाम भी 13 रुपए प्रति लीटर बढ़ चुके हैं, साथ ही कल नॉर्मल पेट्रोल के रेट में भी 1 रुपए की वृद्धि की गई है। जिला ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि भाजपा सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं रह गया है, सारी रियायत और राहत कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों तक सीमित है, जो जनता तक न पहुंच रहा है और न सरकार इस ओर कोई प्रयत्न करती दिख रही है। अध्यक्ष द्वय ने बताया कि खाद्य तेल, दूध, राशन, मावा के दामों में भी जबरदस्त आग लगी है, जिस खाद्य तेल का भाव 70 साल में 70 रुपए पहुंचा था। भाजपा के कार्यकाल में वो भी 200 पार हो गया है। भाजपा को 400 रुपए में मिलने वाली गैस महंगी लगती थी, आज 1000 रुपए होने पर सरकार ने चुप्पी साध ली है। पेट्रोल, डीजल एलपीजी से लेकर दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमत में अप्रत्याशित वृद्धि ने आम जनता का बजट बिगड़ दिया है और कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करेगी।

# रन वे प्रोसीजर डायग्राम को मिल सकती है मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- नाइट लैंडिंग को लेकर समिति की कवायद
- 15 अप्रैल के बाद रात में उड़ सकेगी फ्लाइट



रनवे एंडिंग सिक्योरिटी एरिया के कारण बिलासा एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की सुविधा मिलना मुश्किल है। ऐसे में समिति द्वारा रनवे प्रोसीजर डायग्राम में संशोधन की मांग कर रही है। इसकी मंजूरी मिलने के बाद ही रात्रिकालीन फ्लाइट एयरपोर्ट के रनवे से उड़ सकेगा।

वर्तमान में अलाइंस एयर द्वारा 72 सीटर फ्लाइट संचालन के लिए 1490 मीटर रनवे में उड़ान की अनुमति दे सकता है लेकिन 50 मीटर रनवे को रेसा यानी रनवे एंडिंग सिक्योरिटी एरिया के तहत रिजर्व कर दिया गया है। जिससे रनवे की लंबाई 1440 मीटर ही रह गई है, इस रनवे में रात के समय लैंडिंग और टेकआफ करना मुश्किल है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि रनवे प्रोसीजर डायग्राम में संशोधन करने की मांग की जा रही है, एयरलाइन्स कंपनी द्वारा इसकी मंजूरी मिलने पर रात्रिकालीन फ्लाइट उड़ाई जा सकेगी। समिति ने बताया कि वर्तमान में समर शेड्यूल 15 अप्रैल तक है, इसके बाद शेड्यूल में बदलाव कर रात्रिकालीन हवाई सेवा भी शुरू किया जा सकेगा। गर्मी के समय में 40 डिग्री से अधिक तापमान होने पर एटीआर 72 विमान फुल लोड में टेक ऑफ नहीं कर सकता है, जिसके चलते यात्रियों की संख्या 52 की जाती है। इससे एयरलाइन्स कंपनी नुकसान उठाना पड़ता है, वहीं इसका भार यात्रियों को उठाना पड़ता है। रात्रिकालीन शेड्यूल मिलने से विमान पूरी क्षमता के साथ ही उड़ सकेगा।

### गर्मी के साथ तेज हवाओं की होगी दस्तक

बिलासपुर। जहां एक ओर गर्मी दिनों दिन बढ़ रही है, वहीं मौसम विभाग ने मौसम के बदलने का अंदेशा जताया है। 2 से 3 दिनों के भीतर एक बार फिर मौसम करवट बदल सकता है। इस दौरान तेज हवाएं चलेगी और आसमान में बादल छा सकते हैं। 4 अप्रैल से रायपुर सहित कई जिलों में गरज-चमक, तेज हवा और कहीं-कहीं ओलावृष्टि हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान सुबह से शाम तक तेज धूप निकलेगी और पारा 40 के पार जा सकता है, लेकिन शाम होते-होते मौसम बदलेगा और तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी होने की आशंका बनी हुई है। 5 अप्रैल को मौसम सुहावना होने के संकेत मिल रहे हैं और इस दौरान तापमान में गिरवाट भी नजर आएगी। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि गरज-चमक, तेज हवा और ओलावृष्टि के दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरूरी है। खुले स्थानों, खेतों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से खतरा हो सकता है। तेज हवा के कारण होर्डिंग्स और कमजोर ढांचे गिर सकते हैं, इसलिए उनसे दूरी बनाए रखे।

**प्राध्यापकों व अधिकारियों-कर्मचारियों को बेहतर सामंजस्य स्थापित करने कहा**

# अटल यूनिवर्सिटी के नए कुलपति पटेरिया ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अटल यूनिवर्सिटी के नवनियुक्त कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया ने गुरवार को यूनिवर्सिटी पहुंचकर कुलपति का पदभार संभाल लिया। उन्होंने यूनिवर्सिटी के प्राध्यापकों और अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेकर बेहतर सामंजस्य स्थापित कर कार्य संस्कृति को सुदृढ़ बनाने की बात कही है।

प्रो. एलपी पटेरिया रायगढ़ के शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी से कार्यमुक्त होकर आज शाम अटल यूनिवर्सिटी बिलासपुर पहुंचे और कुलपति का पदभार संभाल लिए। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार तार्णिश गौतम सहित अधिकारियों, कर्मचारियों और प्राध्यापकों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. पटेरिया ने यूनिवर्सिटी के प्राध्यापकों और अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक लेते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी की अकादमिक गतिविधियों को केन्द्र में रखते हुए समग्र विकास को गति प्रदान करना आवश्यक है। इसके साथ ही प्राध्यापकों, अधिकारियों-कर्मचारियों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित कर कार्य संस्कृति को सुदृढ़ बनाया जाए, जिससे यूनिवर्सिटी को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया जा सकें। कुलपति श्री पटेरिया ने यह भी निर्देशित किया कि पूर्व से संचालित सभी योजनाओं एवं कार्यो को निरंतरता के साथ और अधिक गति प्रदान की जाए, ताकि शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता एवं संस्थागत प्रगति सुनिश्चित हो सकें। विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 13 की उपधारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा प्रो. ललित प्रकाश पटेरिया को अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर का नया कुलपति नियुक्त किया गया है। प्रो. पटेरिया का कुलपति के रूप में कार्यकाल उपलब्धियां तथा सेवा शर्तें अधिनियम एवं परिनियम में निहित प्रावधान अनुसार होगी।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255







# हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में भक्ति और उत्साह का संगम

**सुबह से देर रात तक चला पूजन भजन और भंडारे का सिलसिला शोभायात्रा भी निकली**

**बिलासपुर।** शहर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही। प्रायः सभी सनातनियों ने हनुमान जन्मोत्सव की खुशियां बांटी। हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ सहित अन्य विविध आयोजन हुए। जगह-जगह भोग, भण्डारा रख कर प्रसाद का वितरण किया जाता रहा। मंदिरों को भगवा ध्वज व विद्युत झालरों से सजाया गया था। इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर युवाओं व समिति के सदस्यों द्वारा भव्य तैयारियां की गई थी। इस शुभ मौके पर शहर के हनुमान मंदिरों में पूजा-पाठ का भव्य आयोजन किया गया। हनुमानजी को सिंदूर का चोला चढ़ाया गया। बूंदी, चना, बेसन लड्डू के भोग लगाए गए। सुबह से लेकर शाम तक लोग मंदिर पहुंचते रहे। जगह-जगह अंजनी पुत्र हनुमान पर आधारित गीतों की गूंज होती रही। अभिषेक, आरती का क्रम चलता रहा। शहर के अनेक स्थानों में प्रसाद का वितरण किया जाता रहा है। चौक-चौराहों, मंदिर परिसर को भगवा ध्वज व तोरण से सजाया गया था। इससे पूरा वातावरण हनुमानमय रहा।



### कच्चे केले से मंदिर की सजावट

हनुमान मंदिर सेवा समिति तिलक नगर के द्वारा हर साल की तरह इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया। प्रातः दुग्धा अभिषेक व श्रृंगार के साथ पूजा प्रारंभ हुई, भगवान को केले से आकर्षक रूप से भव्य सजाया गया था। आरती भंडारा प्रसाद का वितरण के साथ सामूहिक संगीत में सुंदरकांड पाठ हुआ। बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।



### मातृ शक्तियों ने निकाली शोभायात्रा

मां आदर्श दुर्गा उत्सव रपटा चौक चांटीडीह समिति की मातृ शक्तियों ने हनुमान जन्म उत्सव पर शोभायात्रा निकाली पूजा, हवन, आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में उषा, गोल्डी कश्यप, ललिता प्रजापति, कमला, रामवती कश्यप, अंजू साहू, तरूणा प्रजापति, प्रतिभा कौशिक आदि शामिल रहे।



### हरिभूमि की ओर से बंटा प्रसाद

हनुमान जन्मोत्सव पर गौरव पथ रिंग रोड नंबर 2 स्थित हरिभूमि कार्यालय के सामने हरिभूमि की ओर से बूंदी का वितरण प्रसाद के रूप में किया गया। प्रसाद वितरण के पहले हनुमानजी की सामूहिक आरती की गई। इस मौके पर अरूण ज्योतिषि, भुवन देवांगन, राजेश सानन, नवीन मिश्रा, अंजना शर्मा, शंभूनाथ झा सहित हरिभूमि परिवार के लोग उपस्थित थे।





### शोभायात्रा में झांकी आकर्षण का केन्द्र रही

हनुमान जन्मोत्सव पर धर्म जागृति मंच की विशाल शोभायात्रा निकाली गई, संयोजक त्रिलोक चंद्र श्रीवास एवं अध्यक्ष मनोज श्रीवास ने बताया कि पंचमुखी हनुमान मंदिर बुधवारी बाजार से दोपहर 4 बजे शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो दयालबंद गांधी, चौक जूना बिलासपुर, मानसरोवर चौक से, तेलीपारा पुराना, बस स्टैंड, तारबाहार चौक इंदिरा गांधी चौक, खुदीराम बोस चौक से होते हुए महाकाल मैदान पहुंची। इस इस शोभायात्रा में नैना भी राम झांकी बैंड बाजा सहित दर्जनों नर्तक दल और अंचल के बैंड थे। आकर्षक सजीव झांकियों ने इस यात्रा को जीवंत बनाया।



हनुमान जन्मोत्सव पर भगवान का लिया आशीर्वाद।





हनुमान जन्मोत्सव पर नया पुल सरकंडा में भजन संध्या का आयोजन किया गया।



### उषा हाईट्स में हनुमान चालीसा का पाठ

हनुमान जयंती पर उषा हाइट्स वैशाली नगर में सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत ललित अग्रवाल ने हिंदुत्व में विज्ञान की जानकारी दी। शुभम विहार मानस मंडली द्वारा सतत सुंदर कांड की 194 वें पाठ में शुभम विहार विकास समिति के अध्यक्ष अखिलानंद पांडेय, ललित अग्रवाल, अखिलेश द्विवेदी, एके स्वर्णकार, प्रमोद, विनोद, प्रमोद अवस्थी मौजूद थे।





हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से भंडारा व भोग वितरण का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने देर रात तक प्रसाद ग्रहण किया।



### जन्मोत्सव पर भगवान श्रीराम की जीवंत झांकी

दक्षिणमुखी संकट मोचन मंदिर गोलबाजार में हनुमान जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान हनुमान का विभिन्न फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। प्रातः महा आरती के पश्चात भोग भंडारा शुरू होगा। दोपहर के महाआरती की गई और हनुमान भगवान का जन्म उत्सव मनाया गया, शाम को सुंदरकांड का पाठ किया गया। अयोध्या के श्रीराम की जीवंत झांकी बनाई गई,जो आकर्षण का केन्द्र रही। इस सजीव झांकी ने हर भक्तों का मन मोहा।



### हनुमान जन्मोत्सव में भंडारा

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर भारतीय नगर स्थित हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण किया गया। यह कार्यक्रम अध्यक्ष संध्या अग्रवाल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में उनके सहयोगी सीमा जाजोदिया,चंचल अग्रवाल,सविता नोपानी,पूजा अग्रवाल मौजूद रहे।



### किया गया प्रसाद का वितरण

पुराना बस स्टैंड स्थित नवीन जीन्स में हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करेंगे साव

**लोरमी।** नगर के कबीर भवन में 3 अप्रैल को 11 बजे भाजपा द्वारा आयोजित दीनदयाल उपाध्याय तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे।

### परधान युवा वार्षिक सम्मेलन खूंटाघाट में 5 को

**बेलतरा।** परधान युवा संगठन रतनपुर इकाई (12 गांव) द्वारा वार्षिक सामाजिक चर्चा एवं वन भोज कार्यक्रम 5 अप्रैल को खूंटाघाट में रखा गया है। रतनपुर इकाई अंतर्गत आने वाले सभी 12 गांवों के परधान युवाओं को आमन्त्रित किया गया है। इस सम्मेलन में युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य,और रोजगार के साथ-साथ अपने समाज को एकजुट और मजबूत करने के लिए रणनीति तैयार करने के विषय पर चर्चा की जाएगी। साथ ही पूर्व वर्ष में किए कार्यों की समीक्षा कर उसमें नए योजनाएं जोड़े जाएंगे। यह जानकारी संगठन महामंत्री चरण सिंह परधान ने दी।

### पुल के पास बैठे बुजुर्ग की मौत

**तखतपुर।** पुल के पास बैठे हुए 70 वर्षीय बुजुर्ग की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल की दोपहर 3 बजे नगर के मनियारी पुल के पास 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली सूचना मिलते ही पुलिस वहां पर पहुंची और उपस्थित लोगों से उसकी जब पहचान कराई गई तब बरेला निवासी नारायण धुरी 70 वर्ष के रूप में हुई है।

## निधन

### जितेंद्र पाण्डेय



**बिलासपुर।** आजाद नगर सुभाष सा मिल के पास मसानगंज निवासी जितेंद्र पाण्डेय का गुरुवार को निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे मंजू पाण्डेय के पति, निखिल और निकेत पाण्डेय के पिता , सुरेंद्र , नरेंद्र और विजय पांडेय के भाई थे।

### सत्यकाम गुप्ता



**बिलासपुर।** बड़ी कोनी निवासी सत्यकाम गुप्ता का आज निधन हो गया। वे 52 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 3 अप्रैल शनिवार को दोपहर 12 बजे बड़ी कोनी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. रामाधार गुप्ता के पुत्र एवं सत्येंद्र गुप्ता के भाई थे।

### अशोक कुमार अग्रवाल



**बिलासपुर।** अजीत होटल के सामने सरजू बगीचा रोड तेलीपारा निवास अशोक कुमार अग्रवाल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 अप्रैल को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे शिवम अग्रवाल के पिता एवं संतोष कुमार अग्रवाल के भाई थे।

### आशादेवी मतलानी



**बिलासपुर।** रामा वैली निवासी आशादेवी मतलानी का 2 अप्रैल को स्वर्गवास हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अप्रैल शुक्रवार को दोपहर 1 बजे सिंधी कॉलोनी कस्तूरबा नगर स्थित झूलेलाल मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. लोकुमल मतलानी की पत्नी एवं मोरंदमल मतलानी की माता, बसत कुमार मतलानी की चाची, एवं अभिषेक, लव मतलानी की दादी थीं।

### जानकी गुप्ता



**तखतपुर।** वार्ड क्रमांक 9 बजरंग नगर निवासी श्रीमती जानकी गुप्ता 80 वर्ष का 2 अप्रैल को निधन हो गया। वे लक्ष्मण गुप्ता की धर्मपत्नी एवं धनेश गुप्ता, मन्नू गुप्ता और बबलू गुप्ता की मां तथा पार्षद पूजा गुप्ता की सास थीं। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं देवेन्द्र कुमार अग्रवाल उम्र 56 वर्ष पिता श्री मंगतराय अग्रवाल यह सूचित करता हूँ कि मैने अपना पुराना नाम देवेन्द्र अग्रवाल से बदलकर नया नाम देवेन्द्र कुमार अग्रवाल रख लिया है अतः आज से मुझे इसी नये नाम से पढ़ा लिखा व जाना जाए।

भवदीय
देवेन्द्र कुमार अग्रवाल
विकास नगर
बिलासपुर (छ.ग.)

### विधायक ने ली जीवन दीप समिति की बैठक

# सुविधाओं पर ध्यान देने के दिए गए निर्देश



जीवन दीप समिति की बैठक में शाामिल विधायक धर्मजीत सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जीवन दीप समिति की आमसभा विधायक धर्मजीत सिंह की अध्यक्षता में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में हुई।

आमसभा में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वहां आने वाले मरीजों व परिजनों की व्यवस्था के संबंध में विधायक द्वारा निर्देशित किया गया एवं आगामी समय में मूलभूत कार्यों को अनुमति दी गई। जीवन दीप समिति में प्रभारी सचिव का दायित्व समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का ग्रामीण चिकित्सा सहायक को देने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड, जनपद पंचायत अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, अनुविभागीय अधिकारी नितीन तिवारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार साहू, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक केशर सिंह, लेखा प्रबंधक अंशुमान तिवारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सक, ग्रामीण चिकित्सा सहायक ,जुनियर सेकेट्रियल असिस्टेंट उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य केंद्र को मिली 108 की सुविधा

विधायक धर्मजीत सिंह के प्रयास से स्वास्थ्य की दृष्टि से तखतपुर क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सकरी को 1-1 एंबुलेंस की सुविधा सरकार द्वारा दी जाएगी। इस संबंध में स्वीकृति का आदेश जारी किया गया है। इस सुविधा के लिए तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## करनकापा में सार्वजनिक मंच का लोकार्पण

गांव की प्राचीन एवं सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए नई पीढ़ी को उसके जानकारी देना और उसे सहेज कर रखने की जानकारी गांव के वरिष्ठ लोगों के ऊपर रहता है और सभी वरिष्ठजन अपनी सनातन संस्कृतियों को विभिन्न आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को देते हैं। ऐसे आयोजनों को पूरा करने, सम्पन्न कराने के लिए एक सार्वजनिक जगह की आवश्यकता पड़ती है जहां वे बिना किसी बाधा के अपना कला प्रदर्शन कर सके इसलिए इसमें सार्वजनिक मंच की आवश्यकता पड़ती है। यह बातें करनकापा में सांस्कृतिक मंच के लोकार्पण के अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहीं। ग्राम पंचायत करनकापा में समग्र विकास प्राधिकरण निधि से निर्मित 5 लाख की लागत से बने सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण करते तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह साथ में भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री वंदना सिंह, सरपंच सुभ्रदा कौशिक, प्रमोद कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।





बैठक में शामिल अधिकारी।

## जिपं सीईओ ने किया आवास योजना ग्रामीण की प्रगति का मूल्यांकन

**मुंगेली।** जिले में विकास कार्यों की रफ्तार को तेज करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित प्रमुख योजनाओं विशेषकर जल संचय जन भागीदारी अभियान जेएसजेबी 2.0 एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री पांडेय ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढ़लाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ समय-सीमा के भीतर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। बैठक के प्रथम चरण में जल संचय जन भागीदारी अभियान जेएसजेबी 2.0 की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान सीईओ ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी योजना नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाएं। जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे तालाब, कुएं एवं नालों के पुनरुद्धार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही नए जल संचय ढांचों जैसे चेक डैम, सोख्ता गड्ढे एवं स्टॉप डैम के निर्माण को भी प्राथमिकता देने की बात कही गई। जिला पंचायत सीईओ ने जन भागीदारी को इस अभियान की सफलता का मुख्य आधार बताते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों, स्वयंसेवी संगठनों एवं आम नागरिकों को सक्रिय रूप से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया जाए। जल संचय कार्यों को गति देने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के साथ समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। सहायक परियोजना अधिकारियों मनरेगा को स्पष्ट रूप से कहा गया कि वे जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता सूची में शामिल करें। तकनीकी सहायकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सीईओ ने कहा कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

उन्होंने नियमित निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की गई। इस दौरान योजना की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए सीईओ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि लंबित आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाएं। जिला पंचायत सीईओ ने सभी आवास मित्रों, इंजीनियरों एवं तकनीकी सहायकों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में सक्रिय रूप से जाकर निर्माण कार्यों की निगरानी करें।



## एसडीएम ने ईंधन आपूर्ति के संबंध में ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

स्थानीय रेस्ट हाउस में एसडीएम अजीत पुजारी ने क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसी संचालकों की बैठक ली।

बैठक में उन्होंने गैस एवं ईंधन आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और सभी संचालकों को निर्देशित किया कि आपूर्ति व्यवस्था को लगातार सुचारू बनाए रखें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। संचालकों ने जानकारी दी कि क्षेत्र में गैस और पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा कहीं भी किसी प्रकार की कमी या व्यवधान की स्थिति नहीं है।

बैठक के दौरान संचालकों को 'पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' की विस्तृत जानकारी दी गई। एसडीएम श्री पुजारी ने बताया गया कि इस योजना के तहत सौर ऊर्जा अपनाकर बिजली खर्च में कमी लाई जा सकती है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप एवं गैस एजेंसी संचालकों को अपने प्रतिष्ठानों में सोलर इंस्टॉलेशन कराने के लिए प्रेरित किया। इस पर संचालकों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए योजना के अंतर्गत इंस्टॉलेशन कराने की सहमति दी। इस अवसर पर सीएमओ चंदन शर्मा एवँ अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं संचालक उपस्थित रहे।

## कल नगर पहुंचेगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा

**मुंगेली।** नगर के हृदय स्थल पड़ाव चौक में वीरता, स्वाभिमान और पराक्रम के प्रतीक महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा का नगर आगमन 4 अप्रैल शनिवार को होगा। इस ऐतिहासिक क्षण को लेकर पूरे क्षत्रिय समाज में उत्साह का माहौल है और समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हुए हैं।यह अवसर समाज के लिए केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि वर्षों के लंबे इंतजार और संघर्ष का परिणाम है। समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि इस दिन का सपना कई वर्षों से देखा जा रहा था, जो अब साकार होने जा रहा है।

क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष आनंद वल्लभ सिंह सहित शिवप्रताप सिंह, उमाकांत सिंह, गजानंद सिंह, हरिकपुर सिंह, नागेश्वर सिंह, गोकुलेश सिंह, संतोष सिंह, राजू सिंह एवं वंशराज सिंह ने इस मौके पर पुराने दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995 में समाज का नेतृत्व कर रहे पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय विपनेश सिंह ने सबसे पहले पड़ाव चौक का नामकरण "महाराणा प्रताप चौक" करने की पहल की थी। इतना ही नहीं, उन्होंने ही इस चौक में महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा स्थापित करने की मांग शासन से की थी। साथ ही उनके प्रयासों से नगर में सामाजिक मंगल भवन की नींव भी रखी गई थी, जो समाज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। लंबे समय के इंतजार के बाद अब वह सपना साकार होने जा रहा है, जिसे स्व. विपनेश सिंह ने वर्षों पहले देखा था। इस अवसर पर उपस्थित सभी सामाजिक जनों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज के लिए उनके योगदान को याद किया और आभार व्यक्त किया। 4 अप्रैल का दिन मुंगेली नगर के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जब वीरता के प्रतीक महाराणा प्रताप की प्रतिमा नगर के प्रमुख स्थल पर स्थापित होकर आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी।



### अग्निवीर भर्ती पंजीयन शुरू

**मुंगेली।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन शुरू कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 अप्रैल तक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर में जनरल, तकनीकी, लिपिक, स्टोरकीपर, ट्रेडमेन आदि पुरूष पदों और सेना पुलिस तथा स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा आदि के महिला पदों पर भर्ती की जाएगी।

## मुंगेली जिला जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुन्दन कुमार ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संपूर्ण जिले को आगामी आदेश पर्यंत तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है।

उन्होंने छत्तीसगढ़ पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए यह आदेश जारी किया है। इस अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानमुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। शासकीय एजेंसी जैसे- लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। नलकूप खनन हेतु अनुमति प्राप्त करने के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## नेता प्रतिपक्ष महंत व विधायकों ने दी भुलाऊ प्रसाद को श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक के बड़े भाई स्व. भुलाऊ प्रसाद कौशिक के निधन पर विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डा. चरण दास महंत सहित पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश एवं विजय केशरवानी ने निज निवास परसदा में शोकाकुल परिवारजनों से भेंट की। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा इस विषम घड़ी में संतप्त कौशिक परिवार को धैर्य, संबल एवं साहस प्रदान किया। इस अवसर पर श्री कौशिक ने बताया कि बड़े भाई सरल व्यक्तित्व, समाज के प्रति समर्पण और पारिवारिक मूल्यों के प्रति अटूट निष्ठा रखने वाले थे। उनका जीवन स्नेह, मार्गदर्शन और सादगीपूर्ण रहा है।

## सीएनआई चर्च में हुआ महाप्रभु भोज

**तखतपुर।** शरण नगर स्थित सीएनआई चर्च में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक गरिमा के साथ महाप्रभु भोज (पवित्र बयारी) का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर मसीही समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और प्रभु यीशु मसीह के प्रेम, त्याग एवं बलिदान को स्मरण करते हुए श्रद्धा के साथ सहभागी बने।



कार्यक्रम की शुरुआत भजन-कीर्तन एवं स्तुति आराधना से हुई, जिसमें क्वायर दल द्वारा प्रस्तुत मधुर गीतों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उपस्थित विश्वासियों ने एक स्वर में प्रभु की महिमा गाई और प्रार्थना के माध्यम से आत्मिक शांति का अनुभव किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रतिभा सालोमन ने कहा कि महाप्रभु भोज केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धता, एकता और प्रभु के साथ जीवंत संबंध का प्रतीक है। इस अवसर पर पादरी नवीन मसीह के अगुवाई में विधिवत महाप्रभु भोज सम्पन्न कराया गया। उन्होंने प्रार्थना कर सभा को आशीषित किया और सभी को प्रभु के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा और अनुशासन के साथ महाप्रभु भोज ग्रहण किया।

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार संतोष कुमार सोनी पिता रामचंद सोनी निवासी – यदुनंदन नगर, तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्दिष्ट होकर निम्न आशय की आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कृपया अवगत एवं तद्नुसार व्यवहार करे :-

मौजा अमसेना, प.ह.न. 38, रा.नि.म., अमसेना व तहसील सकरी व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित खसरा नम्बर 566/55 रकबा 0.0820 हेक्टेयर भूमि जो राजस्व अभिलेखो में सैय्यद अब्दुल शाहिद पिता सैय्यद् अब्दुल कादिर निवासी टंडन बाडा, नागोराव शेष नगर, तालापारा, बिलासपुर (छ.ग) के नाम बतौर भूस्वामी दर्ज है, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का पक्का सौदा कर मेरे पक्षकार से बतौर बयाना आंशिक प्रतिफल प्राप्त कर लिया गया है और शीघ्र ही उक्त भूमि का पंजीकृत विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में तहरीर कराया जाना सुनिश्चित हुआ है।

अतः यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा निकाय को उपरोक्त समव्यवहार के संबंध में कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय के पते में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें उक्त अवधि पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अस्तु सूचना से अवगत हों।

दिनांक 02.04.26

भवदीय
(हरीश कुमार अग्रवाल)
अधिवक्ता
मो.नं. 9827483146

### न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्र. /क/तह./वा.2026
बिलासपुर, दिनांक 20/03/2026

मौजा मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा मोपका प0ह0न0 29 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि ख.नं. 562/2, 1563 (शा.ख.न.?) रकबा 0.0440, 0.235 हे0 भूमि का आवेदक चन्द्रशेखर पिता स्व. मुनिराम देवांगन जाति कोष्टा निवासी 104/2 मेन रोड जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा वसीयत के आधार पर नामांतरण हेतु अंतर्गत भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110, के तहत आवेदन पत्र, शपथपत्र, विक्रय पत्र, आदेश की प्रति, खसरा बी-1 सहित पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 10.04.2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 20.03.2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

### आम सूचना

आम सूचना को सूचित किया जाता है कि सुभाष कुमार कनरल पिता बी.आर. कुर्रे निवासी गुरूघांसी दास विश्वविद्यायल नेहरू नगर बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) वाले के हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि मौजा पेण्डारी प.ह.न. 47 रा.नि.मं. पेण्डारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.न. 145/2 रकबा 0.7290 हे. मे से 2200 वर्गफुट जो कि समस्त राजस्व अभिलेखों पर सुभाष कनरल के नाम पर दर्ज चला आ रहा है। उक्त वर्णित भूमि/मकान को क्रय करने का पक्का सौदा विनय दुबे पिता विश्वनाथ दुबे निवासी- कतियापारा जूना बिलासपुर छ.ग. के साथ दिनांक 27/02/2026 को बतौर बयाना राशि भूमि/मकान का सौदा हुआ था, आम सूचना के 10 दिन के पश्चात दिनांक 27/03/2026 तक जिसका समय अवधि समाप्त हो चूका है, इसलिए इस भूमि/मकान को क्रेता विनय दुबें पिता विश्वनाथ दुबें के द्वारा पंजीयन नहीं कराने पर उक्त सौदा एवं आम सूचना की अवधि समाप्ति हो जाने के कारण सौदा के समाप्ति हो चूकि है, इसी सूचना आम सूचना के द्वारा आज दिनांक 03.04.2026 को पेपर प्रकाशन के माध्यम से किया जाता है।

दिनांक – 03.04.2026

राजेश कुमार यादव
अधिवक्ता
मो.नं- 8889909330, 9826810486

### पटवारी कार्यालय प.ह.न.-49 ग्राम-परसदा रा.नि.मं-सिरगिट्टी तहसील/जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

-: सूचना :-

आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ (चौहद्दी धारी) भूमि स्वामी दिनांक 02/04/2026 1 दिलीप यादव 2 रवि साहू 3 सुभाष पाटनवार 4 अमृत कौशिक/ मनमोहन कौशिक एवं सर्व संबंधित।

विषय – ग्राम परसदा प.ह.न 49 स्थित ख.नं. 928 रकबा 0.4860 हे. का सीमांकन हेतु।

उपरोक्त विषयांकित के संबंध में सूचित किया जाता है कि आवेदक लखन लाल नायक पिता भीमा नायक निवासी परसदा द्वारा अपने भूमि हक़ की भूमि ख.नं. 928 रकबा 0.4860 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन किया गया है। आदेशानुसार उक्त भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 09/04/26 को किया जाना है।

अत: आप स्थल पर उक्त तिथि को ठीक 11 से 05 बजे समस्त अभिलेख सहित उपस्थित रहे । अनुपस्थित रहने पर सीमांकन/बटांकन की कार्यवाही कर दी जायेगी बाद में की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

टीप : अपरिहार्य कारणों में दिनांक एवं समय में परिवर्तन किया जा सका है नवीन दिनांक एवं समय की सूचना आपको पृथक से दी जाएगी।

पटवारी जय प्रकाश आदिल
पटवारी हल्का नं. 49

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर. जिला बिलासपुर (छ.ग)

ईश्तहार / नोटिस /समंस

क्र./Q/अ.वि.अ/ रीडर-1/2025
तखतपुर दिनांक 25.03.2026

अपील प्रकरण क्रमांक-202407072 900014/ 0752/ apl/अ70/2025-26
लीलावती पति नेलशन निवासी नेवरा तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग)

विरूद्ध

प्रहलाद भगत पिता जोगेश्वर राम भगत निवासी देवरीखुर्द तह.बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग)

प्रति 1. श्री प्रहलाद भगत पिता जोगेश्वर राम भगत निवासी देवरीखुर्द तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग)

अपीलार्थी लीलावती पिता नेलशन निवासी देवरीखुर्द तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग) निवासी द्वारा भूमि ग्राम नेवरा प.ह.न 21 खसरा 284,277 रकबा 0.595, 1.3720 हे. के संबंध में न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गनियारी के प्रकरण क्रमांक 2024070072900014/ अ70/2023-24 में पारित आदेश दिनांक 02/12/2025 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील आवेदन पेश किया गया है।

अत : एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 22/04/2026 को प्रात : 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अनुपस्थित रहने पर अपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
तखतपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

### छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-722 मूल आबंटी श्री अनिल कुमार सिंह पिता श्री पिता स्व. श्री आंनदी सिंह के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 29.03.2026 को पंजीकृत है । इसके उपरांत प्रथम क्रेता द्वारा विलेख दिनांक 02.03.2026 को पंजीकृत करने के पश्चात उक्त भवन श्री रामदेव साहू, पिता - स्व.श्री रामचरण साहू, के नाम पर आबंटित है के नाम नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है ।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/ अर्द्धशासकीय /संस्था आदि को इस भूखण्ड/ भवन को एकल नाम पर करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नही होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/ हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं
अधोसंरचना विकास मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

### न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)

नोटिस

प्रकरण क्र.: 63/2026
आदेश दिनांक : 25/3/2026
पेशी दिनांक: 5/5/2026
प्रोसेस क्र.:- 244/26

श्री अर्जुन सिंह कछवाहा पिता शैलेंद्र सिंह कछवाहा निवासी- उस्लापुर, रतन विला, सागा ले आउट, आकाश मार्ग बिलासपुर, थाना- सिविल लाईन, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

... आवेदक

विरुद्ध

श्रीमती वर्षा सिंह बघेल पति अर्जुन सिंह निवासी- उस्लापुर, रतन विला, सागा ले आउट, आकाश मार्ग बिलासपुर, थाना- सिविल लाईन, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

... अनावेदिका

इस न्यायालय में आवेदक श्री अर्जुन सिंह कछवाहा ने अनावेदिका के विरुद्ध धारा 13A वास्ते विवाह विच्छेद बाबत आवेदन पत्र पेश किया है, जिसकी पेशी दिनांक 5/5/26 को है।

अनावेदिका श्रीमती वर्षा सिंह बघेल, उम्र 31, पति श्री अर्जुन सिंह, निवासी उस्लापुर बिलासपुर को इस समाचार पत्र के प्रकाशन के द्वारा आवेदन का नोटिस प्रेषित किया जा रहा है कि इस प्रकरण में पेशी दिनांक 5/5/26 को न्यायालय में प्रातः 11:00 बजे स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति जवाब पेश कर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 5/5/26 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहता है तो अगले दिन अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक /04/26 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक: 02-04-26
स्थान: बिलासपुर (छ.ग.)

(आलोक कुमार)
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय, बिलासपुर (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

खबर संक्षेप

### विधिवत पूजा के बाद बांटे प्रसाद



**बेलतरा।** चैत्र पूर्णिमा तिथि भगवान हनुमानजी के जन्मोत्सव पर विधिवत हवन पूजन आचार्य पंडित अभिषेक शर्मा द्वारा मुख्य यजमान साहू परिवार के गोलू, रानू साहू के हाथों संपन्न कराया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी मोहल्ला के श्रद्धालु जन उपस्थित रहे। पूजन समाप्ति के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया।

### अन्नपूर्णा रसोई में बना दिव्य भंडारा प्रसाद



**बोदरी।** नगर पालिका परिषद बोदरी में विश्व हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण पाल के नेतृत्व में हनुमान जन्म महोत्सव मनाया गया। वरिष्ठ पत्रकार समुद्र शास्त्री ने स्वस्तिवाचन से कार्यक्रम की शुरुआत की। जन कल्याण पुनर्वास केंद्र मीडिया हाउस के द्वारा विश्व शांति सौहार्द् की प्रार्थना की। इस मौके पर भंडारा प्रसादी का वितरण किया गया। संतोष पाल ने पूजन पाठ भंडारा के साथ विश्व हिंदू महासभा, सेवा दल द्वारा मनाया गया । अंत में सामाजिक संस्थाओं सहित अहिल्याबाई होल्कर आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भंडारे की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई।

### हिर्री में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ



**मस्तूरी।** समीपस्थ ग्राम हिर्री में श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गांव के वरिष्ठ नागरिक गोवर्धन प्रसाद साहू ने बताया कि हनुमान जी शक्ति, भक्ति, ज्ञान और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक माने जाते हैं। हिर्री गांव के हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव का पन्द्रहवें वर्ष आयोजन किया गया। सुबह से हनुमान चालीसा पाठ करते रहे। संगीतमय सुंदरकांड का पाठ अश्विनी साहू, देवनारायण साहू, डॉ रामेश्वर साहू, सन्तोष साहू, कोमल साहू, हेमंत साहू, उज्जवल पटेल, लक्ष्मी पटेल, दिलेश्वर साहू, भुनेश्वर साहू, जनक पटेल,समारू साहू द्वारा किया गया। मुख्य यजमान गोवर्धन प्रसाद साहू, सरस्वती साहू थे। सेवा व्यवस्था में धनुवा साहू, गुनाराम पटेल, लीलाराम साहू, मनीष साहू ,केतन साहू, श्री मती चन्द्रिका साहू, पुष्पा साहू, आभा रानी, अनुपा साहू, वृंदा साहू, कलेश्वरी साहू, साधमती केवट, तनीषा लगे रहे। पूजा अर्चना पंडित ओम शंकर शर्मा ने विधि विधान से किया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर गांधीडीह में हुई पूजा



**लोरमी।** दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर गांधीडीह में हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। भक्तों ने हनुमान चालीसा, सुंदर कांड का पाठ किया। हवन पूजन कर हनुमान जी की आराधना की गई। भंडारे का आयोजन किया गया तथा लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। भगवान हनुमान की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इसी तरह शनि धाम मंदिर में भी हनुमान जी की पूजा आराधना हुई। गुरूद्वारा चौंक स्थित हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान लला की पूजा की गई।

### राम मंदिर सकर्रा में गूंजा जय श्री राम



**चकरभाठा।** ग्राम सकर्रा में हनुमान प्राकट्योत्सव पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राम मंदिर सकर्रा में सामूहिक रूप से सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया, जिसमें ग्राम के अनेक श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और आस्था की अनूठी छटा देखने को मिली। सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से समस्त ग्रामवासियों में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ तथा सभी ने भगवान श्री हनुमान जी से सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया एवं सभी श्रद्धालुओं ने धर्म और सेवा के इस आयोजन की सराहना की।

## हनुमान जन्मोत्सव पर अंचल में हुए विविध आयोजन, भोग, भंडारे के साथ हुए हवन-पूजन

# उत्कृष्ट नेतृत्व, समय प्रबंधन, निर्णय क्षमता और संकट समाधान के आदर्श उदाहरण हैं हनुमानजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

■ भजनों की स्वर लहरियों से गूंजा मदकू द्वीप



मांडूक्य ऋषि की तपस्थली श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप मदकू में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। पिछले 35 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे इस धार्मिक आयोजन में इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संत रामरूप दास महात्यागी ने अपने उद्बोधन में हनुमान जी के व्यक्तित्व को आधुनिक प्रबंधन के दृष्टिकोण से व्याख्यायित करते हुए कहा कि हनुमान जी विश्व के प्रथम "मैनेजमेंट गुरु" हैं। उन्होंने बताया कि हनुमान जी केवल शक्ति और भक्ति के प्रतीक ही नहीं, बल्कि उत्कृष्ट नेतृत्व, समय प्रबंधन, निर्णय क्षमता और संकट समाधान के आदर्श उदाहरण भी हैं। हनुमान चालीसा पाठ के उपरांत बुंदेलखंड की प्रसिद्ध लोक भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान सुप्रसिद्ध कलाकार दीपक द्विवेदी (लहर) एवं कमला राजपूत (नादान) ने अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली शिवनाथ नदी की पारंपरिक नौका दौड़ प्रतियोगिता इस वर्ष भी पर्याप्त जल स्तर के अभाव में नहीं हो सकी, जिससे श्रद्धालुओं में हल्की निराशा देखने को मिली।

श्री हरिहर क्षेत्र केदार द्वीप सेवा समिति एवं श्री राधाकृष्ण मंदिर सेवा समिति मदकू के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गुरदास मल हुरा, जीवन लाल कौशिक, राममनोहर दुबे, प्रदीप शुक्ला, ललित सिंह ठाकुर, भगवती प्रसाद मिश्र, मनीष अग्रवाल, अनिल वर्मा, प्रमोद दुबे, विजय सिंह, मनीष मिश्रा , रवींद्र शर्मा (भाटापारा), परस साहू,फेरहा राम साहू, संजय सिंह, कमलेश अग्रवाल, गोपाल जुनेजा, नेतराम सोनवानी सहित आसपास के गांवों से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भक्तों ने लगाए चना, गुड़ और लड्डू के भोग



**तखतपुर।** हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह से लेकर देर रात तक मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। जगह जगह प्रसाद और भण्डारे का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पूरे क्षेत्र में हर्ष उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही भक्त बजरंग बली के मंदिर पहुंचें और उन्हें प्रिय चना, गुड़ और लड्डू का भोग अर्पित किए। इसके साथ ही मंदिरों और अन्य सार्वजनिक स्थलों में प्रसाद वितरण तथा भण्डारे का आयोजन किया गया। नगर के तहसील चौक, ब्लाक कालोनी, बजरंग नगर, पुराना बस स्टैण्ड, राम मंदिर, पुराना थाना, टोनही डबरी के हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। पुराना थाना में भण्डारे का आयोजन किया गया। राम मंदिर में सार्वजनिक रूप से हनुमान चालिसा का पाठ और महाआरती की गई। टिकरीपारा में रिंकू ठाकुर के द्वारा महाआरती की गई।

### मल्हार में निकली शोभायात्रा, मंदिरों में विशेष पूजा



**मल्हार।** नगर में श्रीरामभक्त हनुमान का जन्मोत्सव उत्साह, उमंग व श्रद्धाभक्ति के साथ मनाया गया। इस दौरान यहां के सभी मंदिरों में सुबह से ही विशेष पूजा पाठ किया गया जिसके बाद शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सुबह पौराणिक महत्व के परमेश्वरा तालाब के किनारे बने हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ, रामरक्षास्तोत्रं पाठ, हवन पूजन व आरती हुई। इसी तरह डिडनेश्वरी मंदिर परिसर स्थित हनुमान मंदिर व अन्य स्थलों में भी यजमानों ने विशेष पूजन किया। शाम 4 बजे शोभायात्रा परमेश्वरा तालाब के मंदिर से निकली। विमल पांडेय ने प्रति वर्ष की तरह इस बार भी भंडारे का प्रसाद वितरण कराया। ठाकुदेव चौक में आजुराम कैवर्त के नेतृत्व में पूजा पाठ व प्रसाद वितरण के बाद रामायण पाठ व कीर्तन भजन कराया गया। शोभायात्रा में मुख्य यजमान धर्मेंद्र सिंह, सन्नी सिंह, राजा चौबे, सुरेंद्र शर्मा, सनत पांडेय, दीपक तिवारी, आकाश चौबे, राजेन्द्र वर्मा, ननका पांडेय, गोलू तिवारी आदि शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हुए प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की। आयोजन में प्रमुख रूप से प्रेम प्रकाश तिवारी, सुरेश सिंह, शंकर सिंह, मुकुल सिंह, विवेक सिंह, कृष्णा सिंह, रौनक सिंह एवं अभय तिवारी का विशेष योगदान रहा।

### पीडब्ल्यूडी परिसर स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हुई पूजा-अर्चना



**बोदरी।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) जोन क्रमांक 2 चकरभाठा के कार्यालय परिसर स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा कर क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर अश्वनी पाण्डेय ने कहा कि भगवान हनुमान जी शक्ति, भक्ति, साहस और सेवा के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें निस्वार्थ सेवा, समर्पण और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। संकट के समय हनुमान जी का स्मरण करने से व्यक्ति को शक्ति और आत्मविश्वास प्राप्त होता है। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से बीबीएस गौतम (कार्यपालन अभियंता), बिंद्रा प्रसाद (अनुविभागीय अधिकारी), डी.एस. चौहान, सुधीर श्रीवास्तव, विमल चंद बघेल, पी.के. निर्मलकर, ज्योति पटवर्धने, गजानन्द पात्रे, पंडित राजकुमार शर्मा, रमेश कोरी, अश्वनी पाण्डेय, राजेश गुप्ता, शिव मरावी, कमलगिरी गोस्वामी, ऋतिक सिंह, शान्तनु, एजाज अहमद, कलीम, प्रहलाद, देवव्रत, गणेश रजक,जय रजक, हरिहर नामदेव, रोशनी, गोदावरी यादव, शिवशंकर यादव, पुरुषोत्तम, सुनेन्द्र, सरवन प्रसाद, रघुनाथ, संभाराव सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।

### भजन-कीर्तन, महाआरती और भंडारों से भक्तिमय हुआ माहौल



**सीपत।** हनुमान जन्मोत्सव पर सोमवार को पूरा क्षेत्र श्रद्धा, आस्था और उल्लास के रंग में सराबोर नजर आया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और जय श्रीराम व जय हनुमान के गगनभेदी जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। दिनभर मंदिरों में हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड के पाठ का क्रम चलता रहा। नवाडीह चौक, बजरंग चौक, सीपत थाना परिसर, बिजली ऑफिस, सब्जी मंडी सहित क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों में दिनभर भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। मंदिरों को आकर्षक रोशनी, रंग-बिरंगे फूलों और दीपों की माला से भव्य रूप से सजाया गया था, जिससे पूरा क्षेत्र जगमगाता रहा। भजन-कीर्तन की मधुर धुनों ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। शाम होते ही महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हर ओर श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला जगह-जगह विशाल प्रसाद भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने खिचड़ी, खीर और पुड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। रामबाड़ा चौक में गुप्ता समाज की महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिसने पूरे आयोजन को और भी विशेष बना दिया। पूरे दिन चले इस धार्मिक आयोजन ने क्षेत्र में भक्ति, एकता और उत्साह का अद्भुत संदेश दिया।

## नरगोड़ा में अखंड नवधा रामायण



**सीपत।** हनुमान जन्मोत्सव पर समीपस्थ ग्राम नरगोड़ा में गुरुवार को भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। गांव में कलश यात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण का भव्य शुभारंभ किया गया, जिसमें पूरे ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई ।कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा से हुई। पूरे आयोजन के आचार्य पंडित गिरजाशरण दुबे के मार्गदर्शन में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में सुरेंद्र भोसले, ओमप्रकाश, विजय भोसले, नरेंद्र गिर, झंकार गिर, तारन गीर, प्रभात पुरी, परमेश्वर श्रीवास, अभिषेक भोंसले, त्रिलोकीनाथ, दौलत राव, प्रमित कोरी, रमेश साहू, सुरेश जायसवाल, शुभम श्रीवास, ऋषि सहित अनेक ग्रामीणजन, श्रद्धालु एवं रामायण मंडली के सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## देर रात तक मंदिर पहुंचते रहे श्रद्धालु

**मुंगेली।** क्षेत्र एवं नगर में हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तिमय माहौल बना रहा। हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ हवन-कीर्तन होते रहे। जगह-जगह भण्डारे व प्रसाद वितरण किया गया।

क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। रामायण पाठ, भजन-कीर्तन व श्रद्धा भक्ति से विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके लिए एक दिन पूर्व ही श्रीराम-हनुमान मंदिरों को सजाया गया था। भक्तजनों ने सुबह से ही मंदिरों में पहुंचकर बजरंगबली को चोला, सिंदूर और प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना की। सुंदरकाण्ड, हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती, भंडारे हुए। मंदिर खुलने के बाद से देर रात तक श्रद्धालु मंदिर पहुंचते रहे। हनुमान जन्मोत्सव होने की वजह से मंदिरों में अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ रही। कई जगह धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोल बाजार स्थित हनुमान मंदिर में पं. क्रांति कुमार मिश्र, स्वतंत्र मिश्र एवं श्रद्धालुजनों द्वारा सुबह मंदिर मे विशेष साज-सज्जा की गई। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



हनुमान मंदिर में सुंदर काण्ड एवं हनुमान चालीसा के पाठ के पश्चात हवन किया गया। तत्पश्चात लोगो को प्रसाद वितरण किया गया। हनुमान मंदिर के पास ही भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बिजली आफिस के पास हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भण्डारे का आयोजन किया गया। सिटी कोतवाली स्थित हनुमान मंदिर में हवन-पूजन कर विशेष पूजा-अर्चना किया गया। पूजा अर्चना के पश्चात सस्वर हनुमान चालीसा एवं हनुमान अष्टक का पाठ किया गया। शहर में पुराना बस स्टैंण्ड में ठाकुरदईयां मंदिर के पास निरंजन केशरवानी उद्यान के पास बने हनुमान मंदिर में हनुमान समिति, बालानी चौक, मल्हापारा चौक, पड़ाव पारा चौक, नया बस स्टैण्ड, पुलपारा, दाऊपारा चौक, सदर बाजार, बड़ा बाजार, जनता मार्केट, एसएनजी कॉलेज के पास हनुमान मंदिर में भण्डारे का आयोजन किया गया। जहां फल, लड्डू, पुड़ी, ठण्डा पेय पदार्थ का वितरण किया गया।


### दगोरी में किया गया शरबत का वितरण



**दगोरी।** हनुमान जन्मोत्सव पर पूरे ग्राम में जगह जगह विविध आयोजन किया गया। ग्राम के बजरंग चौक गुड़ी, बाजार चौक हनुमान मंदिर, आल्हा तालाब में विराजमान पवन पुत्र हनुमान की पूजन आरती विधि विधान से की गई। प्रसाद भोग वितरण तथा शरबत का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में हनुमान भक्त नवीन मिश्रा, मुकेश निषाद, धरम कौशिक के साथ ही पूजन उत्सव में शामिल प्रमुख जनों में पूर्व सरपंच बिंदा निषाद, छन्नू निषाद, पंच प्रतिनिधि संजीव सन्नाट, राजकुमार कौशिक, समाज सेवी दशरथ सन्नाट, गंगा निर्मलकर, महंत विश्वनाथ दाश, मूलचंद कौशिक, अश्वनी, राहुल साहू, छबि निषाद, कलेश्वर निषाद, लाला सेन, बजरहा निषाद, राधेश्याम कौशिक, दीपक यादव, दिलेश जायसवाल, दुर्गेश सेन, श्रवण कौशिक, आदित्य कौशिक, भविष्य कौशिक, धनंजय, सन्नाट, रोशन सन्नाट, सुनीत साहू, ध्रुव सन्नाट, सुनील नेस्टों, हरिश्चंद्र कौशिक, चेत राम निषाद व बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

## गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों से आम जनता पर बढ़ा आर्थिक बोझः कांग्रेस

**पेंड्रा।** बढ़ती महंगाई को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रेस वार्ता के माध्यम से कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र की नीतियों के कारण लगातार महंगाई बढ़ रही है, जिससे मध्यम एवं गरीब वर्ग के परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि हाल ही में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। वहीं बीते तीन महीनों में इसकी कीमतों में कुल 525 रुपये तक इजाफा हो चुका है। इसके चलते होटल और रेस्टोरेंट में खाद्य पदार्थों के दाम 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। साथ ही डेयरी उत्पादों की कीमतों में भी वृद्धि हुई है, जिससे आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि पिछले सप्ताह ही घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 62 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, इसके बावजूद उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है। वहीं पेट्रोल के दामों में भी बढ़ोतरी देखी गई है, कुछ पेट्रोल पंपों पर यह वृद्धि 4 रुपये तक बताई जा रही है। इसके अलावा एविएशन फ्यूल में करीब 8.50 प्रतिशत की वृद्धि से हवाई यात्रा भी महंगी हो गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि खाद्य तेल, दूध, मावा और राशन सामग्री सहित आवश्यक वस्तुओं के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं, जिससे आम आदमी का किचन बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एक ओर देश को आर्थिक शक्ति बताया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आम जनता बुनियादी जरूरतें पूरी करने में संघर्ष कर रही है।



## कार्यकर्ताओं के दम पर बनेगा मजबूत संगठन

**सीपत।** ग्राम पंचायत कुकदा स्थित सूर्यवंशी अंबेडकर भवन में मंडल कांग्रेस कमेटी सोंठी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार और जमीनी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण बिलासपुर के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया उपस्थित रहे। संगठन सृजन अभियान के प्रभारी मो. शाहनवाज हुसैन विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीपत के प्रवक्ता घनश्याम नेताम ने किया। बैठक में 9 पंचायतों और 23 बूथों के संगठन को मजबूत बनाने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि पंचायत एवं वार्ड स्तर पर अध्यक्ष सहित 12 सदस्यीय कार्यकारिणी तथा बूथ स्तर पर अध्यक्ष सहित 11 सदस्यीय टीम गठित की जाएगी। इसके लिए स्थानीय स्तर पर रायशुमारी कर सक्रिय, समर्पित और जमीनी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांग्रेस अब केवल कागजी संगठन नहीं रहेगी, बल्कि जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की पहचान कर उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। मुख्य अतिथि विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस के लिए नई ऊर्जा लेकर आया है। प्रभारी मो. शाहनवाज हुसैन ने बताया कि पंचायत, बूथ, सेक्टर और मंडल स्तर पर समितियों के गठन के बाद यही टीम आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत की आधारशिला साबित होगी।



**खबर संक्षेप**

### डीजल खरीदी बिक्री संचालक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पंचर दुकान की आड़ में वाहनों से चोरी का डीजल खरीदने वाले संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी का डीजल जब्त किया गया है। सकरी टीआई विजय चौधरी को सूचना मिली कि नेशनल हाइवे दलदलिहा चौक स्थित पंचर दुकान में भारी वाहनों के ड्राइवरों से सांठगाठ कर चोरी की डीजल खरीदकर महंगे दाम में बेचा जा रहा है। उन्होंने पंचर दुकान में दबिश दी तो 60 लीटर डीजल मिला। संचालक डीजल के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 287 व 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत संचालक कोटा भुण्डा निवासी ईस्माईल खान पिता अख्तर खान 31 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### लू और डायरिया के लिए बनी टीम

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों को लेकर अलर्ट हो चुका है। इस दौरान लू व डायरिया के चपेट में आने वाले मरीजों के लिए बेहतर प्रबंधन के तौर पर सभी ब्लॉक में स्वास्थ्य कर्मचारियों को अलर्ट रहने के लिए गया है। साथ ही आईडीएसपी विंग को प्रत्येक ब्लॉक से ऐसे मरीजों को चिन्हांकित करने और प्रभावित कदम उठाने की जिम्मेदारी दी गई है। रोजाना आईडीएसपी विंग से स्वास्थ्य केन्द्रों में पहुंचने वाले मरीजों की जानकारी ली जा रही है, इस दौरान क्षेत्रों को चिन्हाकित करने के लिए कहा गया है। साथ ही दवाओं को पूरा स्टाक रखने की हिदायत दी गई है। इस दौरान टीम संबंधित क्षेत्र में सर्वे कर हालत का जायजा लेगी और स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगी। अर्बन बीएमओ डॉ रक्षित जोगी ने बताया कि गर्मी का मौसम है, ऐसे में जिन बीमारियों के पनपने का अंदेशा है, उसके तहत टीम बनाई गई है। शहरीय क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में टीम रहेगी और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी आरएचओ और एएनएम की ड्यूटी लगाई है।

### समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**बिलासपुर।** कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2026 अंतर्गत किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि कल्चर एवं कृषि यंत्र उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सवेरे 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक संचालित रहेगा। बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं कृषि आदान सामग्री से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए किसान नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकेंगे। उप संचालक कृषि पीडी हथेश्वर ने बताया कि किसानों से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07752-470814 है। नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए नोडल अधिकारी के रूप में अनिल कुमार शुक्ला को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सहायक अधिकारियों में प्रतिभा पाण्डेय (कीटनाशक), विजय धीवर (कल्चर), उमेश कुमार कश्यप (उर्वरक) और प्रेमराज शर्मा (बीज) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक सहायक कर्मचारी सहोरीक को भी तैनात किया गया है।

**पुलिस के साए में हुआ मृतक का कफन दफन**

**पेण्डरवा के चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे पुलिस अधिकारी व कर्मचारी, पूर्व सरपंच सहित चार गिरफ्तार**

# पूर्व सरपंच ने आरोपी को उज्जैन ले जाकर हत्या के लिए उकसाया, लौटने के बाद हुआ खूनी संघर्ष


रतनपुर के ग्राम पेण्डरवा के ग्रामीणों से मामले की जानकारी लेती पुलिस।


पकड़े गए आरोपी।

**बिलासपुर।** बुधवार की शाम रतनपुर क्षेत्र के ग्राम पेण्डरवा में हुई खूनी संघर्ष में नया मोड़ आ गया है। पुलिस को पता चला है कि गांव का पूर्व सरपंच वारदात के मुख्य आरोपी को दो दिन के लिए उज्जैन लेकर गया, वहां उसने आरोपी को उसकी पत्नी से अवैध संबंध के संदेह पर सलीम उर्फ चांदी की हत्या करने के लिए उकसाया। वहां से लौटने के बाद आरोपी ने अपने दो नाबालिग बेटों के साथ खूनी संघर्ष की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पूर्व सरपंच व दो नाबालिगों सहित उसके पिता सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

1 अप्रैल की शाम 5.30 बजे पेण्डरवा निवासी सुरेश श्रीवास अपनी पत्नी पर पड़ोसी शेख सलीम उर्फ चांदी से अवैध संबंध होने का संदेह करता था। उसने पत्नी को तलाक दे दिया था, बुधवार को बदला लेने के लिए सुरेश श्रीवास अपने दो नाबालिग बेटों के साथ शेख सलीम चांदी खान को जान से मारने के लिए तलवार और दूसरे हथियार लेकर शेख सलीम उर्फ चांदी के घर में घुस गया। उसके नहीं मिलने पर तीनों ने आंगन में पलंग में बैठी उसकी मां मुराद बी 75 साल की तलवार से गला रेतकर जघन्य हत्या कर दी। उसके बाद घर में उपस्थित 6 लोगों पर हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पेण्डरवा का पूर्व सरपंच उमेश श्रीवास सुरेश श्रीवास को दो दिन पहले उज्जैन घूमाने के लिए के लिए गया था। वहां उसने सुरेश श्रीवास को उसकी पत्नी के अवैध संबंध व उसे छोड़कर चले जाने पर सलीम उर्फ चांदी खान की हत्या करने के लिए उकसाया। बताया जाता है पिछले चुनाव में उमेश श्रीवास चुनाव हार गया था। उस दौरान सलीम उर्फ चांदी ने वर्तमान सरपंच अंजनी बैगा के लिए चुनाव प्रचार किया था। चुनाव हार जाने से वह सलीम उर्फ चांदी से रंजिश रख रहा था। बदला लेने के लिए उसने सुरेश श्रीवास को मोहरा बनाया। 1 अप्रैल को सुरेश श्रीवास उज्जैन से लौटा और शाम को खूनी संघर्ष की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103, 109, 332 ए, 61, 2, 3, 5 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी पूर्व सरपंच उमेश श्रीवास पिता सहोरन श्रीवास 41 साल,सुरेश श्रीवास पिता माधव श्रीवास व उसके दो नाबालिग बेटों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां उमेश व सुरेश को जेल व दोनों नाबालिग को बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।

### पुलिस की सुरक्षा में मृतक का हुआ कफन दफन

खूनी संघर्ष के बाद रतनपुर पेंडरवा में तीन शिफ्ट में 70 से 80 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। 2 अप्रैल की सुबह से एडीशनल एसपी मधुलिका सिंह, एसडीओपी नुपूर उपाध्याय बल के साथ मृतक के घर में तैनात थे। इसके अलावा गांव के चप्पे चप्पे में पुलिस बल तैनात किया गया था। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव घर लाया गया। इस दौरान भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस के साए में मृतक का गांव में कफन दफन किया गया है।

**सरकंडा में अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक बन रही नाली परेशानी का सबब बनी**

# रफ्तार इतनी सुस्त कि लोगों को रोज कीचड़ धूल और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- लगातार लग रहे जाम से लोगों का इस रास्ते से गुजरना तक मुश्किल, ठेकेदार बरत रहा लापरवाही

सरकंडा में अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक बन रहा सड़क नाली का काम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। पिछले करीब दो महीने से सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का काम चल रहा है, मगर रफ्तार इतनी सुस्त है कि आमजन को रोजाना कीचड़, धूल और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है।

नाली खुदाई के बाद मलबा और गीली मिट्टी सड़क पर ही छोड़ दी जा रही है। हालात ऐसे हैं कि दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है। लगातार लग रहे जाम से लोगों का इस रास्ते से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। तिफरा में भी यही हालत है। यदुनंदन नगर में नाली ऐसी खोदी गई कि तीन बिजली खंभे गिर गए और पाइप तोड़ दिया गया। इससे हनुमान मंदिर समेत कई घरों में पानी बंद हो गया। गौरलतब है कि शहर के लिए सड़क निर्माण की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। अशोकनगर-बिरकोना को फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर 16.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह निर्माण कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2.1 किलोमीटर फोरलेन रोड, डिवाइडर और नाली का निर्माण होगा। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। इसके लिए अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक और अशोकनगर चौक से ड्रीम इन्क्लेव कालोनी तक 1.7 किमी की सडक और नाली बनाई जा रही है। इस नाली को छात्रावास के आगे बने कल्वर्ट में जोड़ा जाएगा।

### व्यवस्थित काम करने कहा गया है

अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक और अशोकनगर चौक से ड्रीम इन्क्लेव कालोनी तक 1.7 किमी की सडक और नाली बनाई जा रही है। ठेकेदार को व्यवस्थित काम करने कहा गया है। चौक में काम जारी होने से थोड़ी परेशानी तो हो रही है।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### निर्माण एजेंसी की लापरवाही से परेशानी

ध्यान रहे कि यह मार्ग अशोकनगर से बिरकोना और सीपत रोड साइंस कालेज की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। यहां के लोगों ने मांग की है कि तत्काल सड़क समतलीकरण और नियमित पानी छिड़काव किया जाएगा। इसके साथ ही गड्ढों की भराई और सख्त बैरिकेडिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। निर्माण कार्य के दौरान कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। आए दिन कोई न कोई वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहा है। लगातार निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। पानी फव्वारे की तरह सड़क पर बहता रहता है लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। हाल यह है कि बिना समन्वय और तकनीकी जांच के खुदाई की जा रही है।

### दुकानदारों और राहगीरों को हो रही दिक्कत

हरिभूमि ने बुधवार को अशोकनगर चौक से लेकर आगे बिजली आफिस और फिर बिरकोना रोड तक के साथ ही कुर्मी छात्रावास तक बन रही सड़क नाली के काम का जायजा लिया तो पाया कि यहां से पैदल गुजरना मुश्किल है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सुबह-शाम स्कूल, दफ्तर और बाजार जाने वालों के लिए यह रास्ता परेशानी का सबब बन चुका है। जहां पानी जमा नहीं है, वहां धूल उड़ रही है। खुदाई के बाद न तो नियमित पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही सड़क समतलीकरण। हल्की हवा में धूल का गुबार उठता है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कत हो रही है।

# रद्द की गई ट्रेनों को लाया गया वापस पटरी पर

**चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कारण 4 दिन रोके गए थे पहिए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अकलतरा में चौथी लाइन कनेक्टिविटी के कारण 3 से 7 अप्रैल यानि 4 दिन तक ट्रेनों के पहियो को रोके जाने का आदेश रेल प्रशासन ने वापस ले लिया है, जिसके बाद अब निरस्त की जाने वाली यात्री ट्रेनें प्रतिदिन की तरह यथावत पटरी पर चलने से यात्रियों को भी राहत मिलेगी।

जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत अकलतरा स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु किए जा रहे हैं। इसकी वजह से नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पूर्व में लोकल ट्रेनों को रद्द करने का आदेश जारी किया गया था। गुरुवार की रात अचानक एक नोटिफिकेशन जारी करते हुए रेल प्रशासन ने निरस्त एवं आंशिक रूप से निरस्त की गई यात्री ट्रेनों को अब रिस्टोर कर दिया है। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। यह बहाली निर्धारित अवधि के दौरान चरणबद्ध रूप से की गई है। रद्द की गई ट्रेनों की वापसी में गाड़ी संख्या 68737 रायगढ़–बिलासपुर मेमू 3 से 7 अप्रैल तक के लिए रिस्टोर कर दी गई है, उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। गाड़ी संख्या 68738 बिलासपुर–रायगढ़ मेमू, गाड़ी संख्या 68736 बिलासपुर–रायगढ़ मेमू, गाड़ी संख्या 68735 रायगढ़–बिलासपुर मेमू को 4 से 7 अप्रैल तक तक रिस्टोर किया गया है, जो उपरोक्त तिथि में यह गाड़ी अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। गाड़ी संख्या 68746 रायपुर–गेवरारोड मेमू 3 से 6 अप्रैल तक रिस्टोर, गाड़ी संख्या 68745 गेवरारोड–रायपुर मेमू 4 से 7 अप्रैल तक, गाड़ी संख्या 58204 रायपुर–कोरबा पैसेंजर, गाड़ी संख्या 58203 कोरबा–रायपुर पैसेंजर, गाड़ी संख्या 68734 बिलासपुर–गेवरारोड मेमू, गाड़ी संख्या 68733 गेवरारोड–बिलासपुर मेमू, गाड़ी संख्या 68732 बिलासपुर–कोरबा मेमू, गाड़ी संख्या 68731 कोरबा–बिलासपुर मेमू को रिस्टोर करने के बाद निर्धारित समयानुसार चलाने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा शॉर्ट टर्मिनेटेड ओरिजिनेटेड ट्रेनों में गाड़ी संख्या 68861 गोंदिया – झारसुगुड़ा मेमू 4 अप्रैल से निर्धारित समयानुसार गोंदिया से झारसुगुड़ा तक और गाड़ी संख्या 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू को झारसुगुड़ा से गोंदिया तक चलेगी।

# सुनसान जंगल में कार सवार का पीछा कर लूट की कोशिश, दो युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** सुनसान घने जंगल में कार सवार को 7 किलो मीटर पीछा कर चाकू अड़ाकर लूट की कोशिश करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, विचारपुर निवासी हरिल साय टोप्पो पिता स्व. अमरसाय 32 साल 1 अप्रैल की रात गनियारी अस्पताल में एक मरीज को भर्ती कराकर कार से लौट रहे थे। उनके साथ निलिमा तिर्की, रामप्यारी तिर्की थे। रात 10.30 बजे कोचरा मार्ग में घने सुनसान जंगल में नीलगिरी प्लाट के पास बिना नम्बर बाइक सवार युवक चाकू दिखाकर कार रोकने की कोशिश की। हरिल साल तेज रफ्तार में किनारे से निकल गया, जिससे बाइक सवार युवक पीछा करने लगे। 7 किलोमीटर दूर पीछा करते हुए बाइक सवार ओवरटेक कर उनकी कार को रोक लिया। उसके बाद चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए पैसे की मांग करने लगे। आवाज सुनकर गांव वाले आए तो दोनों युवक बाइक छोड़कर भाग गए। 2 अप्रैल का हरिल साय ने घटना की सूचना पुलिस चौकी में दी। प्रभारी श्री ठाकुर ने पतासाजी कर सिद्धांत पाण्डेय उर्फ राजा पिता राहुल पाण्डेय 20 साल गंगानगर बेलगहना, राजकुमार पोर्ते उर्फ सोनू पिता चुन्नीलाल पोर्ते 0 साल करवा बेलगहना निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने लूट की कोशिश करना स्वीकार कर लिया है। उनके पास से वारदात में प्रयुक्त बाइक, दो चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 351, 3, 312, 126, 2, 3, 5 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

# जंगल में अतिक्रमण, पकड़े गए फरार आरोपी

**बिलासपुर।** जंगल में अवैध कब्जा करने के बाद अतिक्रमण करने वाले फरार आरोपियों के खिलाफ वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

कोटा एसडीओ अनिल भास्करन को सूचना मिली थी कि कुछ लोग जंगल की भूमि पर लगे हरे-भरे पेड़ों को काटकर अतिक्रमण का प्रयास कर रहे हैं। वहीं बिलासपुर डीएफओ नीरज कुमार के निर्देश पर बेलगहना परिक्षेत्र अधिकारी को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। परिक्षेत्र अधिकारी बेलगहना के नेतृत्व में डिप्टी रेंजर शिवकुमार पैकरा, स्टाफ पंकज साहू, संतकुमार वाकरे, सोमप्रकाश, जय सिंधु, सावन यादव, शैलेन्द्र पोर्ते और अन्य ने मौके पर पहुंचकर देखा कि भेलवातिकारी कक्ष क्रमांक 2252 और 2472 में अवैध पेड़ों की कटाई और छंटाई करते हुए अतिक्रमण किया जा रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर ली। इस दौरान वहां 12 अतिक्रमणकारी थे, जिसमें से विभागीय टीम ने दो आरोपियों कोनचरा निवासी तीजराम एवं मनइया पाव को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य मौके से फरार हो गए थे। पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद 13 दिन के न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। वहीं फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। गुरुवार को वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर फरार हुए आरोपी सावित्री बाई, यशोदा बाई, माखन पटेल, सुकलाल, लखन सिंह, बालाराम, निराशा बाई, रुखमणि बाई, सुनीता बाई, मोहन लाल सभी निवासी कोनचरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 6 दिनों की न्यायायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# सुअर का मांस पकाने वाले जेल गए



**बिलासपुर।** वन विभाग की टीम ने जंगली सुअर के शिकार और मांस पकाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

डीएफओ नीरज कुमार के निर्देश और उपवनमंडल अधिकारी कोटा अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी बेलगहना देव सिंह मरावी के नेतृत्व में टेंगनमाड़ा की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अट्टडा गांव में जंगली सुअर का मांस पकाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां पका हुआ मांस बरामद किया गया। इसके साथ ही मांस काटने और पकाने में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें एक-एक कर पकड़ लिया गया। आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें अट्टडा निवासी रूपलाल 29 वर्ष, नितिन 19 वर्ष, संदीप 20 वर्ष, गोविंद 54 वर्ष और रामकुमार 51 वर्ष शामिल हैं। कार्रवाई के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में वन विभाग टेंगनमाड़ा के परिक्षेत्र सहायक सूरज मिश्रा, शिवकुमार पैकरा, प्रमोद मिश्रा, शक्ति यादव, कान्हा वर्मा, सुकृता कस्तूरिया, पंकज कुमार साहू, सोमप्रकाश जयसिन्धु, नंदकुमार यादव, गुलशन कैवर्त और संतोष यादव शामिल थे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620 , 9691735152


# डामर की सड़क खोदने का जुर्माना सिर्फ 5 हजार



- नगर निगम की कार्रवाई का पब्लिक में खौफ नहीं

**बिलासपुर।** आर के पेट्रोल पंप से रामायण चौक होते हुए रपटा चौक तक हाल ही में डामरीकरण कर नई सड़क बनाई गई है। इसी सड़क को कुछ लोगों ने जानबूझकर खोद दिया गया।

स्थानीय लोगों ने निगम से इसकी शिकायत करते हुए बताया कि चांटीडीह जाने वाले मार्ग के पास संतोषी मंदिर के पास सड़क की खुदाई की जा रही है। इसकी जानकारी ली गई तो पाया गया कि खुदाई की अनुमति भी निगम से नहीं ली गई है।मौके पर पहुंचे निगम ने जांच की तो पाया कि नल फिटिंग के लिए 7 फीट गहरा गड्ढा खोद दिया गया है। इससे सड़क की सुरत बिगड़ गई और बड़ा गड्ढा हो गया। इसकी सूचना स्थानीय निवासी शत्रुघ्न चौधरी ने जोन कमिश्नर और अतिक्रमण शाखा को दी। मौके पर पहुंचे अतिक्रमण शाखा के हेल्थ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने खुदाई में प्रयुक्त सामग्री को जप्त करते हुए 5 हजार की पेनाल्टी लगाई है। इसके साथ ही गड्ढे को तत्काल पाटा गया और साथ ही चेतावनी दी गई कि दोबारा ऐसा नहीं किया जाए नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



कैलाश मानसरोवर यात्रा
25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411